*The motion was adopted.*

SHRI PRIYA RANJAN DASMUNSI: I introduce the Bill.

*Published in the Gazette of India, Extraordinary, Part-II, Section-2 dated 23.12.2005

**12.30 hrs.**

**MOTION RE : REPORT OF COMMITTEE TO INQUIRE INTO THE ALLEGATIONS OF IMPROPER CONDUCT ON THE PART OF SOME MEMBERS**

THE MINISTER OF DEFENCE (SHRI PRANAB MUKHERJEE): I beg to move:

> "That this House having taken note of the Report of the Committee to inquire into the allegations of improper conduct on the part of some members, constituted on 12 December, 2005, accepts the findings of the Committee that the conduct of the ten members of Lok Sabha, namely, Shri Narendra Kumar Kushawaha, Shri Annasaheb M.K. Patil, Shri Manoj Kumar, Shri Y.G. Mahajan, Shri Pradeep Gandhi, Shri Suresh Chandel, Shri Ramsevak Singh, Shri Lal Chandra Kol, Shri Rajaram Pal and Shri Chandra Pratap Singh was unethical and unbecoming of members of Parliament and their continuance as members of Lok Sabha is untenable and resolves that they may be expelled from the membership of Lok Sabha."

Mr. Speaker, Sir, as you have very correctly pointed out, this is a very sad occasion. When I rise to move this Motion, I feel more sad because in my first tenure as the Member of this august House and as the Leader of this august House, I am to discharge such a painful duty which is entrusted to me.

Many years ago, some of the hon. Members who were not born, I myself was a very young man - not a man, a young student - on 27th of June, 1947, when Indian Independence Act was piloted in the House of Commons, the then Leader of the Opposition, Sir Winston Churchill, opposing the Bill of Independence stated that the world's one of the ancient civilisations would collapse because the parliamentary system would not be sustainable. Eleven years after that, another Prime Minister, Sir Antony Eden, while making comments on Indian Constitution observed that within three years of its Independence, the oldest civilisation of the

world, India in its Constituent Assembly enacting the Constitution could prove its vitality because I quote, 'it produced the magnificient magna carta of socio-economic transformation of a huge mass of backward people.'

I am referring to these things because the subject on which the hon. Members will deliberate is so sensitive and I do feel that the sensitivity is to be kept in mind with the duties which we are going to perform, the responsibilities which we are going to discharge are not very easy. It is not very easy to pass judgement on a colleague with whom we shared so many things, with whom we worked so long, whether sitting this side or that side. Accident of sitting is no question. All of them are our colleagues. But, at the same time, as you have very correctly pointed out, certain duties ought to be discharged, however painful it may be.

What happened on 12th of this month? What was telecast and after that when we assembled at your room, we, all of us, did not share our views or thoughts with each other.

But all of us felt that something is to be done. The whole country is looking at us as to how the largest functional democracy of the world, how the representatives of 640 million voters are going to respond to a situation, which has challenged the very essence of our continuance here.

Sir, raising questions on the floor of the House is one of the most basic fundamental Parliamentary privileges, which has been asserted not only by the Members, it has been recognised by the Chair. Even when the elaborate arrangements were not made -- if I remember correctly -- in the century before the last, in 1891, when even the Montagu reforms were not passed, when the Legislative Council used to meet in a small chamber of Viceregal House of Calcutta, which is now currently Raj Bhavan, Members were allowed to raise questions. Members of the Legislative Council were allowed to raise questions to the Members of the Executive Council as early as 1891. Later on, it was developed; it became the inherent right of a Member of Parliament to represent his

constituency, to represent the public interest by raising questions, seeking clarifications, expressing his views; and for that the Constitution of India has given unlimited powers to the Members concerned, of course, subject to the rules and regulations framed by themselves, and moderated and conducted by their chosen representative in the form of Speaker. Therefore, this authority, this power should not be misused.

I am not a lawyer and I am not going into the legality of the issue. This is a 36-page Report, which my colleague, Shri Pawan Kumar Bansal and all other colleagues who served this Committee, have prepared it. They have gone through the whole issue. It is not a question of legality. It is a question to ask ourselves, to ask our conscience as to what should we do in this given situation.

If we go through the Report, we will find that none of the hon. Members, who were given the chance to explain their conduct and when some of them pointed out that this may be doctored, these may not represent the thing in its entirety, they were offered to look into the tapes, the unedited version, and they simply refused to accept it. They did not accept this offer. I must compliment the Committee that the day you announced the composition of the Committee, they themselves met. They had regular sittings, almost daily. As per the practice, they evolved the procedures and the conduct as to how they will discharge their duties. Very diligently, elaborately and without any bias they tried to find out the truth.

Mr. Anirudh Bahl and his associates were subjected to cross-examination by the Committee. As I mentioned, it is not a court of law. Every decision cannot be determined in the court of law. Some very senior hon. Members are sitting on the other side, and this side also. They will recollect, and you, yourself, Sir, were a Member of the House at that time. My mind goes back to the days of another Winter Session of 1978 when the then ex-Prime Minister, who had the privilege of being the Prime Minister and the leader of this House for 11 years till that time, and later on she again became the leader, was subjected to a similar situation. When Mr. Morarji Desasi, the then leader of the House moved this

motion, Mrs. Gandhi replied that 'she did never say that she disagreed with the views of the Privileges Committee.' What she pointed out was that: "With full respect to the Privileges Committee, having full confidence in the judgement of the Privileges Committee, most respectfully I would like to submit that the opportunity which should have been given has not been given." But here, it is not the case like that. I do agree that this House should not convert itself into Star Chamber of the House of Commons in the $17^{th}$ Century. But at the same time, when a situation like this arises, the question is whether the House would like to assert itself collectively irrespective of who sits on which side of you.

We have built a nice system that there are occasions, when the House should speak in once voice, take decision almost unanimously, just to assert its right to maintain honour and dignity of the House. Can we say, let us search our own hearts? I am not going into the technicality but after whatever we saw, that somebody is trying to keep money under the cushion, can anyone say that all the legal punctilious ought to be pursued?

Sir, I would not like to lengthen my observation. I am not going into the details and analysing it from a lawyer's point of view, but as a plain, simple, common man, as an ordinary citizen of this country, I do feel that the dignity of this House must be preserved, not by any proclamation by the Supreme Court or any other court, but by the Members themselves, but by this House itself. Therefore, most respectfully I would like to submit, through you, to all the hon. Members: let us ponder, let us rise to the occasion, take the decision, take courage in our both hands, and face the consequences. We may not be here, we will not be here forever.

But there is continuity. That continuity is to be maintained; the high tradition and the dignity of this House are to be maintained. Let us not compromise on that.

With these few words, I recommend to the House that the motion be adopted. Thank you, Mr. Speaker, Sir.

MR. SPEAKER: Thank you.

Now, Prof. Vijay Kumar Malhota has got an amendment. He may move that amendment and then speak.

**प्रो. विजय कुमार मल्होत्रा (दक्षिण दिल्ली) :** अध्यक्ष जी, श्री प्रणब मुखर्जी ने, सदन के नेता ने जो प्रस्ताव यहां पर रखा है, मैं उसके स्थान पर यह संशोधन करना चाहता हूं:

"कि इस समिति के इन निष्कर्षों को स्वीकार करती है कि लोक सभार के दस सदस्यों,
अर्थात् श्री नरेन्द्र कुमार कुशवाहा, श्री अन्नासाहेब एम.के. पाटील, श्री मनोज कुमार,
श्री वाई.जी. महाजन, श्री प्रदीप गांधी, श्री सुरेश चन्देल, श्री रामसेवक सिंह, श्री लाल
चन्द्र कौल, श्री राजाराम पाल और श्री चन्द्र प्रताप सिंह का आचरण अनैतिक है और
संसद् सदस्यों के लिए अशोभनीय है और उनका लोक सभा के सदस्यों के रूप में बने
रहना असमर्थनीय है और यह संकल्प करती है कि उन्हें लोक सभा की सदस्यता से
निष्कासिक कर दिया जाए।"

**<u>के स्थान पर</u>** -

"इस मामले को लोक सभा की विशेषाधिकार समिति को भेजने का यह सदन संकल्प करता है।"

**<u>प्रतिस्थापित किया जाये।</u>**

मैंने बहुत आदर के साथ और सम्मान के साथ लीडर ऑफ दि हाउस श्री प्रणब मुखर्जी का भाषण सुना है। मैं पहले ही स्पष्ट करना चाहता हूं कि मेरा या हमारा इरादा कोई व्यक्ति भ्रष्टाचार करता है, कोई व्यक्ति इस सदन की मर्यादाओं को भंग करता है, कोई व्यक्ति सदन के जो उसे विशेषाधिकार प्राप्त हैं, उनका उल्लंघन करता है तो उसको सजा मिलनी चाहिए और इसीलिए.(व्यवधान)

MR. SPEAKER: Please do not interrupt. I earnestly make this appeal. This is a very serious matter. He is a very responsible Member of the major Opposition Party. He has his views to express. Let us hear him carefully.

**प्रो. विजय कुमार मल्होत्रा :** अध्यक्ष जी, 12 दिसम्बर को जिस समय एक चैनल पर ये सब बातें दिखाई गईं तो दिखाने के बाद सारे देश को धक्का लगा, सभी सदस्यों को धक्का लगा था। We were shocked और इसीलिए आपके चैम्बर में जब हम लोग इकट्ठे हुए तो यह हुआ कि उन सदस्यों को आप कहेंगे कि वे सदन में न आयें और उस बीच में एक समिति का गठन किया जाये और वह समिति का गठन करने के बाद उस पर विचार करके तब वह सदन के सामने इस बात को लाये, There was total unanimity. एक भी व्यक्ति ने उसका विरोध नहीं किया। सभी दलों ने अपने-अपने उन सदस्यों को, अपनी-अपनी पार्टियों से कुछ समय तक के लिए निलम्बित भी किया।

यह किसी का केस नहीं है, परन्तु मुझे केवल इस बात का उल्लेख करना था, जिसको मैंने कहा है कि अपने को दण्ड देना है, सजा देनी है, उस के नियमों का पालन करना है, उसका जो प्रोसीजर है, हमारी आपत्ति उस बात पर है कि प्रोसीजर जो एडॉप्ट किया गया है, वह प्रोसीजर अपने ही नियमों के मुताबिक,

सदन के नियमों के मुताबिक, सदन की सारी चीजों के हिसाब से करना चाहिए। प्रणब मुखर्जी साहब ने 2-3 बार इस बात को दोहराया, उन्होंने कहा कि यह कोई कोर्ट ऑफ लॉ नहीं है, न्यायालय नहीं है और न्यायालय का जो काम है, उसके मुताबिक मत चलिये। हम अपने दिल पर हाथ रखकर इस बात को सोचें, तो क्या मैं अपने दिल पर हाथ रखूं और मेरी आत्मा किसी को आवाज दे और कहे कि इसको फांसी पर चढ़ा दो तो क्या उसको फांसी पर चढ़ा सकते हैं? इसमें कोई अपने मन की आवाज का सवाल नहीं, सवाल पार्लियामेंट के नियमों का है, इसके नियमों का है, न्यायालय का है, हमारा कांस्टीटय़ूशन है, उसके मुताबिक है। इसलिए मैं कहना चाहता हूं कि यह ठीक है कि कोई मैम्बर्स को विशेषाधिकार नहीं है। मैम्बर्स को बाकी लोगों से अलग करके न रखा जाये, लेकिन क्या यह मतलब है कि मैम्बर्स को जो अधिकार एक आम आदमी को इस देश में है, वह अधिकार भी किसी मैम्बर को नहीं होगा? मैं प्रोसीजर की बात इसलिए कहता हूं कि जब यह कहा गया कि यह कमेटी बनाई गई थी, मुझे उसका सदस्य होने का गौरव भी प्राप्त है और आम तौर पर समिति के सदस्य बोला नहीं करते, परन्तु क्योंकि मैंने एक एमेंडमेंट दिया है, इसलिए मैं इस बात पर अपनी बात रखना चाहता था कि इस समिति के कई तरह के निर्णय हो सकते हैं। एथिक्स कमेटी है, यह एक मिसकंडक्ट है, यह सदन के विशेषाधिकार को भंग करने की बात है। मिसकण्डक्ट में आप किसी को सस्पेंड कर सकते हैं, किसी के ऊपर रिप्रेमेण्ड कर सकते हैं, जुर्माना लगा सकते हैं। ये सब बातें आप उसके लिए कर सकते हैं और वह करने के लिए एथिक्स कमेटी हाउस के सामने लाये। वे सब चीजें करने के

लिए किसी प्रकार की इसके लिए आवश्यकता नहीं होती। परन्तु यदि आपको किसी को निष्कासित करना है, एक्सपैल करना है तो एक्सपैल करने की पावर विशेषाधिकार हनन के साथ है और उसके लिए प्रिवलेज कमेटी के रूल्स हैं। प्रिविलेज कमेटी के जो रूल्स हैं, उनके मुताबिक मैम्बर को यह अधिकार देना पड़ता है कि वह अपने आपको डिफेंड कर सके, क्रौस एग्ज़ामीनेशन कर सके, अपना वकील ला सके। ये सब बातें उसके लिए करनी पड़ती हैं। इस कमेटी के अंदर मुद्गल जी का मामला आया और कहा गया कि मुद्गल जी को हाउस ने निष्कासित किया था। लेकिन जब मुद्गल जी को निष्कासित किया गया, तब -

> "The case before the Committee was opened by the Attorney-General. He summarises the material which has already been presented to the Committee. The Attorney-General gave an impartial picture of the whole thing. "

After the evidence was completed, Shri Mudgil was given. उसमें पांच महीने लगे। पांच महीने में उनको क्रास एग्जामीनेशन करने का अधिकार दिया गया, अपना वकील लाने का अधिकार दिया गया। उन्होंने वकील लाकर वहां पर पूरी बहस की। वे कुल तीन मैम्बर्स थे, जिनमें से दो को छोड़ दिया गया और एक के विरुद्ध कार्यवाही की गई लेकिन पांच महीने का समय उनको दिया गया था। There was a Committee. It was not the Privileges Committee. वह एक पूरी कमेटी थी। परंतु उस कमेटी ने वही प्रोसिजर अपनाया। लगातार पांच महीने तक क्रास एग्जामिनेशन हुआ, वकील को लाने और अपने को डिफेंड करने का, साक्ष्य की

जांच करने का अधिकार, इन सब बातों को देखा गया, और उसके बाद ही हाउस में फैसला हुआ।

अध्यक्ष महोदय, जैसा मैंने कहा कि जब एटार्नी जनरल को बुलाया गया और उसके केस को रखा गया, मैम्बर उस समय हाउस में मौजूद था। उसने भी अपनी बात को हाउस में रखा। इसलिए जब मुद्गल के मामले के साथ आप इसको देखेंगे, तब भी आपको प्रोसीजर को फौलो करना चाहिए।

अध्यक्ष जी, इसकी जो संवैधानक स्थिति है "The term 'expulsion' has not been defined in the Constitution, Rules of Procedure and Conduct of Business in Lok Sabha or any law relating to elections." यह नियमावली में नहीं है। हाउस सुप्रीम है, मैं यह मानता हूं। इसके कुछ इनहैरेंट राइट्स हैं, परन्तु इसी आधार पर पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट ने अपना एक जजमेन्ट दिया था, जिसमें उन्होंने कहा था कि हरद्वारी लाल जी, जिन्हें स्टेट असैम्बली ने एक्सपैल कर दिया था, जब वह हाईकोर्ट गए तो हाईकोर्ट ने कहा कि उनको यह अधिकार नहीं है, निकालने के अतिरिक्त कोई और सजा होनी चाहिए - They said that the expulsion of the petitioner is unconstitutional, illegal, in-operative and, as a necessary consequence, direct the Election Commission of India not to proceed to fill the vacancy supposedly resulting from the action, etc.

इसके बाद मध्य प्रदेश हाईकोर्ट का भी एक रूल है, जिसमें उन्होंने कहा कि किसी सदस्य को निकाल तो सकते हैं, लेकिन सीट फिल नहीं की जाएगी। ये दोनों निर्णय आने के बाद यह कहा गया कि "There are, therefore, two conflicting

decisions and the position is uncertain. In the absence of the decision by the Supreme Court, neither decision is declared law under the article....... "

"...Character can be laid down only by the Supreme Court. "

पहली बात यह है कि एक्सपैल करने का अधिकार किसी को है या नहीं - यह अभी तय होना बाकी है। सुप्रीम कोर्ट इसे तय करेगा और इस बारे में अपना फैसला बताएगा। हम यह मान भी लेते हैं कि हमें एक्सपल्शन का राइट है, चाहे सुप्रीमकोर्ट या पंजाब हाइकोर्ट का कुछ भी वर्डिक्ट हो, फिर भी प्रोसिजर को तो एडॉप्ट करना ही चाहिए। क्या आप किसी मैम्बर को प्रोसिजर एडॉप्ट करते हुए अपना पक्ष रखने का अधिकार नहीं देंगे? यह गलत बात है। मैं कमेटी की सारी प्रोसिडिंग्स में नहीं जाना चाहता हूं, परन्तु उन्होंने कहा कि यह डॉक्टर्ड है। अगर कोई यह कहे कि यह डॉक्टर्ड है और मैं यह प्रूव कर सकता हूं, तो उसकी जांच की जाएगी। अगर टीवी पर किसी के बारे में दिखा दें और कहे कि यह डॉक्टर्ड है - Will he not have a right to find whether it is doctored or not? वहां पर जाकर इसकी जांच नहीं की गई। उन्होंने कहा कि हमें अपना वकील लाने का अधिकार दिया जाए, लेकिन उन्हें वकील लाने का अधिकार नहीं दिया गया। उन्होंने कहा कि हमें अपने सभी साक्ष्य दिखाने का मौका दिया जाए, हम उसकी जांच करना चाहते हैं, लेकिन उन्हें मौका नहीं दिया गया। मैंने उस समय भी यह कहा था क्योंकि मैंने सोचा कि अगर उनको सज़ा केवल इतनी मिलने वाली है कि उनको रैप्रिमांड करना है, तीन सैशन के लिए सस्पैण्ड करना है, उसके बाद सब चीजों की जांच करनी चाहिए।

परन्तु जिस समय यह कहा गया कि उनको हाउस से एक्सपेल कर देंगे, तो प्रणव जी यह कोई छोटी बात नहीं है। मैम्बर्स की सारी जिंदगी का सवाल है। अगर हम मैम्बर्स को एक्सपेल करते समय उन्हें अपनी डिफेंस करने का भी मौका नहीं देंगे, तो वह सही नहीं होगा।

अध्यक्ष महोदय, 14 दिसम्बर को ऐथिक्स कमेटी बनी और 16 तारीख को इस बारे में बातचीत शुरू हुई। सिर्फ तीन-चार दिन के अंदर हमने 10 मैम्बर्स को निकालने का फैसला कर लिया। इसमें हमारा केवल इतना कहना है कि आप प्रॉपर प्रोसीजर को एडॉप्ट कीजिए। अब प्रॉपर प्रोसीजर के बारे में पहले भी कई बार कई चीजें आयी हैं। इस बारे में कहा गया है कि--

> "The House must function within the framework of the Constitution, more particularly within the ambit of Fundamental Rights, act *bona fide* and observe norms of natural justice and not only do justice but seem to have done justice which will satisfy public opinion."

मैं उन दूसरे देशों में नहीं जाता, जहां पर--

> "Determination of guilt and adjudication of disputes are judicial functions in many countries. Therefore, the question of breach of privilege, contempt of the House, etc. and punishment thereof are decided by the courts of law."

उसके बाद प्रो. स्मिथ और उन लोगों ने कहा। हमने ब्रिटिश पार्लियामैंट का जिक्र किया । हमने इसे ब्रिटिश पार्लियामैट से लिया है। आपने जिक्र किया कि चर्चिल ने ऐसा कहा था, ऐटली ने ऐसा कहा था। ब्रिटिश पार्लियामैंट में भी पैसे लेकर प्रश्न पूछने की बात आयी थी। वहां उस मैम्बर पर मामूली जुर्माना किया गया और उसे 15 दिन तक हाउस से सस्पैंड कर दिया गया। ब्रिटिश पार्लियामैंट का

उदाहरण देना कि उन्होंने यह सजा दी थी, यहां मैं सजा पर नहीं जा रहा हूं। आप इन मैम्बर्स को 15 दिन, 50 दिन या छः महीने की सजा दें, परन्तु ब्रिटिश पार्लियामैंट या दुनिया की जितनी पार्लियामैंट्स हैं, उनमें किसी जगह पर किसी भी व्यक्ति को इस बात पर एक्सपेल किया गया है, तो आप उसका उदाहरण दें। अब ऐथिक्स कमेटी सब जगह देखने गयी थी। उन्होंने उन सब बातों को देखा। मेरा कहना है कि आप इन मैम्बर्स को सख्त से सख्त सजा दें, परन्तु उससे पहले आप उन्हें अपने आपको दोष मुक्त करने का, अपने आपको रिप्रैजेंट करने का अधिकार तो दें। चार दिन के अंदर Heavens are not going to fall. मैम्बर्स जो भी बात कहना चाहते हैं, उसे हमारे सामने आकर स्पष्ट कर देते। अब इसमें पांच-सात, दस या पन्द्रह दिन और लग जाते तो क्या होता ?

अध्यक्ष महोदय, अभी प्रणव जी ने जो बात कही, वह ठीक कही कि यह विषय ऐसा है जिस पर हाउस की सहमति होनी चाहिए। यह बहुत ही दुखद बात है कि इस विषय पर हाउस को डिवाइड कर दिया जाये। हमने यह कभी नहीं कहा कि आप उन्हें सजा मत दीजिए। हमने तो यह कहा है कि आप उन्हें सजा दीजिए, परन्तु आरोप सत्य हैं या नहीं, इसे भी देखना चाहिए। यहां एक पूर्व प्रधान मंत्री की हत्या कर दी गयी, उसे सबने देखा। उन्हें मारने वाले लोग मौके पर ही पकड़े गये। अब उन पर कितने दिन केस चला? कितने दिन तक केस चलने के बाद उनमें से एक व्यक्ति छूट गया, जिसे पहले फांसी पर चढ़ाने की सजा हुई थी। अब हत्या करने वाले को भी अधिकार है कि वह अपना केस कोर्ट के सामने प्रैजेंट कर सके और अपने आपको दोष मुक्त करने की बात कर सके,

लेकिन पार्लियामैंट मैम्बर्स को यह अधिकार नहीं है। अब 1992 में बम ब्लास्ट हुआ तो उसमें 900 लोग मारे गये। कई लोग मौके पर पकड़े गये। उनमें से सबको अपनी बात रखने का अधिकार है लेकिन पार्लियामैंट मैम्बर्स को यह अधिकार नहीं है। अब मेरी आत्मा की आवाज ने कहा कि इसे फांसी लगा दो, तो उसी वक्त फांसी लगा दें क्योंकि मैंने अपने दिल से पूछा था।

We are not a court of law. यह क्या तरीका है ? We are not a court of law का मतलब है कि क्या कोर्ट ऑफ लॉ गलत काम करता है ? क्या हम नियामानुसार काम नहीं करेंगे ? अब मैं ऐथिक्स कमेटी की सारी बातों का यहां उल्लेख नहीं करना चाहता क्योंकि वह मुनासिब नहीं है। मैं संविधान की उन चीजों का उल्लेख नही करना चाहता, जो विदेशों की हैं क्योंकि आज उन्हें पढ़ने का समय नहीं है। मैं आपसे जरूर कहना चाहता हूं कि आप पार्टी के नाम पर हाउस को डिवाइड न करें। सारा हाउस इस बात पर सहमत होना चाहिए कि हम भ्रष्टाचार को सहन नहीं करेंगे, परन्तु उसके साथ यह भी लगना चाहिए कि हमने अपने मैम्बर्स को बोलने का पूरा मौका दिया है, हमने नियमों का पालन किया है, नहीं तो रोज यहां सवाल उठता है कि न्यायालय बीच में आ जाता है, कोर्ट बीच में आ जाती है, कोर्ट को हमारी बात देखने का क्या अधिकार है ? अगर हम नियमों पर नहीं चलेंगे, नियमों का उल्लंघन करेंगे तो फिर कोर्ट क्यों नहीं आयेगी ? क्या हम किसी भी असेम्बली में किसी भी सदस्य को यह अधिकार दे सकते हैं कि वह असेम्बली के अंदर तय करके कहे कि हमारे दिल की आवाज है इसलिए हम इनको निकालते हैं ?

**13.00 hrs.**

अगर आज हम यहां निकालना शुरू कर दें तो असैम्बलियों में इससे बहुत गलत प्रिसीडेंट स्थापित हो जाएगा। एक ऐसा प्रिसीडेंट हम बनाने जा रहे हैं और इसीलिए मैंने अपने नोट में भी कहा है कि हम ऐसे किसी प्रिसीडेंट की पार्टी नहीं बन सकते जिसमें बिना प्रोसीजर के, बिना नियमों के, बिनी किसी बात के, किसी भी सदस्य को निष्कासित कर दिया जाए, यह एक ऐसा गलत प्रिसीडेंट बन जाएगा जो आज हम क्रिएट करने जा रहे हैं। यह दोनों सदनों के लिए और सारे देश की विधान सभाओं के लिए भी कष्टप्रद होगा। इसलिए सदस्यों को भी, जब आप कहते हैं कि सदस्यों के लिए भी यह पार्टी या वह पार्टी का सवाल नहीं है, क्योंकि आज एक पर है, कल दूसरे पर आएगा और परसों तीसरे पर आएगा। क्या कहीं पर भी कोई स्टिंग ऑपरेशन में, क्योंकि अभी मैंने कहीं पर पढ़ा कि विदेशों में स्टिंग ऑपरेशन के खिलाफ बहुत सारे लॉज बने हैं परंतु धन, पैसा, बड़े-बड़े मल्टी-नेशनल्स, बड़े-बड़े सीआईए और भी जो दूसरे लोग काम करते रहे हैं कि किसी भी स्टिंग ऑपरेशन में, किसी भी इस तरह की चीज में किसी भी मैम्बर के बारे में कुछ भी दिखाएं और पांच दिनों में उसे हाउस से निष्कासित कर दें, ऐसा गलत प्रिसीडेंट न बनाए। मैं आपसे अभी भी अपील करना चाहता हूं, मैं आपसे सहमत हूं कि इनको दंड दिया जाए परंतु उसकी प्रक्रिया अपना ली जाए या दंड के बारे में आपस में तय कर लिया जाए तो उचित होगा नहीं तो देश के लिए, संविधान के लिए और हाउस के लिए आज हम एक बहुत गलत परम्परा स्थापित करेंगे।

MR. SPEAKER : Motion moved :

"That this House having taken note of the Report of the Committee to inquire into the allegations of improper conduct on the part of some members, constituted on 12 December, 2005, accepts the findings of the Committee that the conduct of the ten members of Lok Sabha, namely, Shri Narendra Kumar Kushawaha, Shri Annasaheb M.K. Patil, Shri Manoj Kumar, Shri Y.G. Mahajan, Shri Pradeep Gandhi, Shri Suresh Chandel, Shri Ramsevak Singh, Shri Lal Chandra Kol, Shri Rajaram Pal and Shri Chandra Pratap Singh was unethical and unbecoming of members of Parliament and their continuance as members of Lok Sabha is untenable and resolves that they may be expelled from the membership of Lok Sabha."

Amendment moved :

"कि इस समिति के इन निष्कर्षों को स्वीकार करती है कि लोक सभार के दस सदस्यों,
अर्थात् श्री नरेन्द्र कुमार कुशवाहा, श्री अन्नासाहेब एम.के. पाटील, श्री मनोज कुमार,
श्री वाई.जी. महाजन, श्री प्रदीप गांधी, श्री सुरेश चन्देल, श्री रामसेवक सिंह, श्री लाल
चन्द्र कौल, श्री राजाराम पाल और श्री चन्द्र प्रताप सिंह का आचरण अनैतिक है और
संसद् सदस्यों के लिए अशोभनीय है और उनका लोक सभा के सदस्यों के रूप में बने
रहना असमर्थनीय है और यह संकल्प करती है कि उन्हें लोक सभा की सदस्यता से
निष्कासिक कर दिया जाए।"

**<u>के स्थान पर</u>** -

"इस मामले को लोक सभा की विशेषाधिकार समिति को भेजने का यह सदन संकल्प
करता है।"

May I, before I call the next hon. Member to speak, make one position clear? Ordinarily, Members of the Committee are not given preference to speak. They can be allowed to speak by way of a reply, if it is called for, to certain points raised in the debate. But since the matter is of great importance and since an amendment was intended to be moved by one of the distinguished Members of the Enquiry Committee, I have allowed.

But there are some observations relating to the Chair -- not derogatory, I am not saying derogatory observations, I have not said that. You have not shown any disrespect to the Chair - I would say that the factual position is that you yourself have been kind enough to admit that whatever announcement I made was in full concurrence of the leaders who were present in the meeting. In the House also, when the time was fixed, no one raised any question at that time. Nobody from the Committee came to me, the Chairman never asked me for extension of time. I had no occasion to look into that question. Therefore, whatever I have done, I have done with the full knowledge of the entire House. Therefore, it is entirely for the hon. Members to decide about it. I have not said that you should this, or we should do that. A Motion has been moved and it is my duty to allow a discussion. But since Shri Malhotra, a very senior and respected Member, has raised the issue of procedure followed by the Committee, if the Chairman of the Committee or any other Member of the Committee wants to participate in the debate, I can allow him to take part in it.

SHRI BASU DEB ACHARIA (BANKURA): Sir, it is indeed a painful day for us to discuss a Motion for expulsion of ten Members of Parliament.

Sir, I rise to support the Motion moved by the Leader of the House. I was surprised to listen to the speech of Shri Malhotra. I am, rather this House, is grateful to you for your having called a meeting of the leaders of this House. You immediately took a decision, in consultation with all the leaders of this House, to constitute a Committee.

MR. SPEAKER: There will be no luncheon recess today.

SHRI BASU DEB ACHARIA : All those who attended the meeting agreed to it. At that point of time, none of us raised the issue that a Committee of this House would not be competent to inquire into what had happened on 12th of December, a shameful day not only for this House but also for the entire nation. Also, none of us raised that the Committee would not be competent to inquire and recommend to the House the sort of action that should be taken against those Members of this House who were shown in one channel of the television taking bribes for raising questions in the House; and that this matter should be referred to the Privileges Committee. But Prof. Malhotra has submitted a Dissenting Note. He has not questioned the merit of this Report, neither has he disagreed with the recommendation made by the Committee. What he wanted was that this matter should be referred to the Privileges Committee arguing that only the Privileges Committee is competent enough to inquire into the matter and recommend to the House in regard to the quantum of punishment. This matter was not raised either in the meeting which you called or when this matter was raised here. You gave the opportunity to all of us to participate in the debate. But I have not heard from any hon. Member raising objection to the formation of a Committee. The Committee was authorised by this House to finalise the procedure. If today we raise the question in regard to procedural matters, it is not a procedural question nor a legal question but rather it is a moral question.

What do the people expect from us? A number of times, you reminded us that the entire nation is watching us. We represent the people, the poor people, the middle-class people, the workers and the peasants. Our sole responsibility is to raise the problems of those sections of the people whom we represent.. (*Interruptions*)

MR. SPEAKER: Hon. Members, you may have some important discussions. I would earnestly appeal to you to do it outside if you have to discuss anything.

SHRI BASU DEB ACHARIA : Sir, a numb nation watched with shock and disbelief that the elected representatives were receiving money for raising questions in Parliament.. (*Interruptions*)

MR. SPEAKER: Shri Rewati Raman Singh, I would earnestly appeal to you not to discuss anything here now.

SHRI BASU DEB ACHARIA : Sir, I fully agree with the Leader of the House that asking question is the special privilege enjoyed by the Members of this House.

We ask the questions in regard to the problems being faced by the various sections of the people.. (*Interruptions*)

MR. SPEAKER: In the last bench! It is very, very unfortunate that you do not bother about what the Speaker says. Is it adding to our dignity? Such an important matter is being discussed. Can you not go out and talk?

SHRI BASU DEB ACHARIA : We ask questions in regard to the problems being faced by the nation and the Members are purchased to ask the questions. हम लोग जनता का प्रतिनिधित्व करते हैं।.(व्यवधान)

SHRI AJAY MAKEN (NEW DELHI): Sir, the noise is coming from the lobby.. (*Interruptions*)

MR. SPEAKER: It is a matter of great anguish.

**श्री बसुदेव आचार्य :** उनके सवालों को हम सदन में उठाते हैं। अगर सदन में सवाल पूछने के लिए खरीदा जाए, तो हमारी इमेज और हाउस की इमेज कहां जाएगी, यह सोचने की बात है। आज यह सवाल उठाया जा रहा है।.(व्यवधान)

MR. SPEAKER: One of my officers will please go and request the hon. Members in the lobby.

**श्री बसुदेव आचार्य :** कि उन सदस्यों को अपनी बात रखने का मौका नहीं दिया गया, जिससे कि वे अपने को डिफेंड कर सकें। हमने देखा है, हम आभारी हैं

कमेटी के चेयरमैन और सदस्यों के कि उन्होंने काफी मेहनत से यह रिपोर्ट बनाई है। उन लोगों को अपनी बात रखने का काफी समय दिया गया था। करीब आधे-आधे घंटे का समय दिया गया था कि आप देखना चाहते हैं, तो आप देख सकते हैं, लेकिन उन्होंने देखा नहीं। फिर भी यह सवाल उठाया जा रहाहै कि उन्हें समय दिया जाना चाहिए था। यहां यह भी सवाल उठाया गया कि मुद्गल के समय में पांच महीने लगे थे। We cannot compare what happened on 12th of December with what happened in 1951. Sir, the entire nation has seen the Members of this House are receiving money. समूचे देश ने देखा, पैसा लिया गया, पैसा रखा जा रहा है, बातचीत हो रही है। क्या हम इसे अस्वीकार कर सकते हैं, क्या हम नहीं मान सकते कि यह गलत है या असत्य है? पहले दिन जो रिएक्शन था, वह भी हमने देखा था कि तुंत कार्रवाई होनी चाहिए, लेकिन आज उसमें परिवर्तन हो गया है।

दूसरे सदन में एक घंटे के अंदर वहां के सदस्य को सस्पेंड कर दिया गया। वहां पर बिना बहस के आज प्रस्ताव पारित हो रहा है। Without any debate and discussion. हम लोग यहां बहस कर रहे हैं। दिन भर यह बहस होगी, लेकिन वहां बिना बहस के सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित हो रहा है। यह कैसा डबल स्टेंडर्ड है! इसी सदन में हम लोगों ने जब तहलका का मुद्दा उठाया था, उसके बाद क्या कार्रवाई हुई, सबको पता है। वे लोग तीन साल सत्ता में रहे। आर्मी ऑफिसर के खिलाफ कार्रवाई हो गई, क्योंकि उनका भी जिक्र टेप में आया था, लेकिन एक

राजनीतिक दल, जो अपने को अलग समझता है। एक लाख रुपये लेते हुए उनके अध्यक्ष का चेहरा पूरे देश ने देखा।.(व्यवधान)

**श्री राजीव रंजन सिंह 'ललन' (बेगूसराय) :** अध्यक्ष जी, इस पर राजनीति नहीं होनी चाहिए, यह बहुत सीरियस इश्यू है।

MR. SPEAKER: I would request the hon. Member to avoid it.

. (*Interruptions*)

MR. SPEAKER: I am saying that I am requesting him not to get into a political debate.

Mr. Acharia, please come to the facts of the matter.

**श्री बसुदेव आचार्य :** कमेटी की रिपोर्ट आने पर तुंत एक्शन लेना पड़ेगा। .(व्यवधान) कमीशन ऑफ इंक्वायरी गठित हो गयी.(व्यवधान) आज बोल रहे हैं कि समय देना पड़ेगा, 5-6 महीने लगेंगे।.(व्यवधान)

MR. SPEAKER: I have made a request to him already.

. (*Interruptions*)

MR. SPEAKER: Nothing will be recorded.

*(Interruptions)**

MR. SPEAKER: I appeal to all sections of the House to cooperate with the Chair.

**श्री बसुदेव आचार्य :** कह रहे हैं कि साढ़े तीन साल लगेंगे। तब तक तो 14वीं लोक सभा का समय चला जाएगा, तब जाकर एक्शन लेंगे। आपकी क्या मंशा है, आप क्या चाहते हैं, हम हाउस को डिवाइड करना नहीं चाहते हैं? We all should rise above party lines. The day when it came out, the entire House reacted uniformly. Why is there a change today? इन दस दिनों में क्या हो गया, क्यों आपका हृदय परिवर्तित हो गया। आपको तो कमेटी को बधाई देनी चाहिए थी जिन्होंने इतनी

जल्दी यह काम किया और सिफारिश कर दी। यह रिक्मेंडेशन पारित होनी चाहिए। We do not want to divide this House. We all should rise above party lines. It is not a question of this party or that party. It is the question of the dignity of the entire House, the prestige of this House which means the prestige of the nation. कहां जायेंगे हम लोग Maybe six of this scam belong to a particular party. उसमें क्या है? There were a large number of MPs who were also approached, but they did not fall prey to the sting operation. We should congratulate them. But why did these 10 involve themselves in this? Can they deny that they were not involved?

*Not Recorded.

MR. SPEAKER: Please conclude.

SHRI BASU DEB ACHARIA : Sir, in order to cleanse our system, I would like to make two suggestions. I have seen your statement which you made at Hyderabad about the right to recall. The right to recall elected representatives should be given to our constituents, to the people of our country. The electorate which elects a person to Parliament must have the right to recall that person. The people of our country do not have that right now. In many other countries, the people have the right to recall their representatives if they find that those representatives are doing some immoral work. If elected representatives are not discharging their responsibilities and duties properly, then the people must have the right to recall them.

My second suggestion is that time has come that serious consideration must be given to the immunity provided to the Members of Parliament. The immunity and the consequent privileges given to the elected Members cannot be allowed to act as a tacit licence for corruption and graft. We should seriously consider this.

The worst fall out of this expose is the further strengthening of the growing cynicism. You have repeatedly stated that there is a growing cynicism among the

people on the political process. This is dangerous and needs to be collectively combated and reversed. The time has come to seriously consider all these things.

Sir, I must congratulate you for taking prompt action and asking the Members not to attend the House to protect not only the dignity of the House but of the nation because the dignity of the House is connected with the dignity of the nation. I support the Motion moved by the Leader of this House.

**श्री मोहन सिंह (देवरिया) :** अध्यक्ष महोदय, जो प्रस्ताव नेता सदन ने रखा है, मैं उसके समर्थन में खड़ा हुआ हूं। मैं उसका तहेदिल से स्वागत और समर्थन करता हूं, लेकिन एक चेतावनी देना चाहता हूं कि इसके कुछ गंभीर परिणाम होंगे, उससे इस सदन को आगाह करना चाहता हूं। नेता सदन ने अपने भाषण में कहा कि वह इस सदन के पहली बार सदस्य बने हैं। जब से मैं राजनीति को गहराई से देख रहा हूं, तब से मैं जानता हूं कि प्रणव मुखर्जी जी पार्लियामेंट के मेंबर हैं, लेकिन लोकसभा के पहली बार सदस्य बने हैं। जिस लोकसभा में आना इतना कठिन है, जिसमें आने के लिए इतने पापड़ बेलने पड़ते हैं, वहां से बाहर जाना इतना आसान कर दिया जाए, तो मैं समझता हूं कि इससे बहुत सारी कठिनाइयां आगे पैदा होंगी। .(व्यवधान) आपने बिल्कुल ठीक कहा है कि किसी टीवी चैनल पर घूस लेते हुए कुछ मेंबर देखे गए। यह परिपाटी रही है कि टीवी की खबर और अखबार की न्यूज का काग्नीजेंस, उसका संज्ञान यह सदन नहीं लेता रहा है। अच्छा होता कि कोई मेंबर इसे उठाते और उसका संज्ञान लिया जाता, लेकिन आपने लिया, इसलिए This is the beginning and not the end. यह शुरूआत है। अब रोजाना टीवी में आएगा कि इतने माननीय सदस्यों ने अपने घरों को भाड़े पर उठाया है, उसमें व्यवसायिक ट्रेड हो रहा है, तब आपको कमेटी बनानी पड़ेगी और

फिर उनको निकालने का सदन में प्रस्ताव पेश करना पड़ेगा। ऐसी स्थिति हमको देखनी पड़ेगी। रोजाना अखबारों में खबर छपती है कि अमुक मेंबर अपने पास पर फर्जी टिकट से इतने लोगों को घुमा रहे हैं, सदन को उसका संज्ञान लेना पड़ेगा, कमेटी बनानी पड़ेगी और मेंबर्स को निकालने का यह सिलसिला इस सदन में जारी रहेगा। यह केवल केंद्र तक सीमित बात नहीं है, राज्यों पर भी इसका असर पड़ेगा। अब राज्यों की राजनीति सेवा की प्रतियोगिता नहीं, निजी दौलत इकट्ठा करने की जंग हो गयी है। अभी तक यह सुनते थे कि अमुक पार्टी बहुमत में है, शासन में है, वह अपने विरोधी नेता के खिलाफ किसी फर्जी गवाह को पकड़कर, पोटा जैसे फर्जी मामले में बंद करने का षडयंत्र करती थी। टी.वी. चैनल वालों को भेजकर, रिश्वत लेते हुए दिखाकर, सामान्य बहुमत से विरोधी नेताओं को सदन से बाहर करवाना अब उसके लिए यह आसान हो जाएगा। इस तरह से यह नया सिलसिल शुरू हो रहा है। हम दसवीं लोकसभा में आपके नेतृत्व में यहां बैठते थे तब एक सुप्रीम कोर्ट के जज के खिलाफ मामला नौवीं लोकसभा में शुरू हुआ था लेकिन बहस दसवीं लोकसभा में हुई थी। सुप्रीम कोर्ट के जज के केस के बारे में सरकार के मंत्री और इस सदन के सदस्य श्री कपिल सिब्बल ने दिन भर खड़े होकर आर्ग्यू किया था और दो दिन बहुत बहस हुई थी। उस दो दिन की बहस का निर्णय क्या हुआ, इस बात को सारा भारत और इतिहास जानता है। इसलिए हम कहना चाहते हैं कि हम जिन दस सदस्यों को निकालने जा रहे हैं, उनमें से अधिकांश ऐसे हैं जो हाईस्कूल भी पास नहीं हैं, वे अपना डिफेंस नहीं दे सकते। उनमें से अधिकांश ऐसे है जो पहली बार जीतकर आए हैं और अधिकांश

ऐसे है जो दलित, आदिवासी, ओ.बी.सी. और गरीब परिवार के हैं। मैं निजी तौर पर जानता हूं कि बचपन में उनकी मां जंगल में लकड़ी निकालकर, उसे बेचकर, उनके मुंह में दो दाने डालती थी। उनकी जिंदगी में पहली बार भाग्य खुला क्योंकि लोकतंत्र का तकाजा है और ऐसे गरीब परिवार के लोग संसद में जीतकर पहली बार आए हैं। इसमें कोई दो राय नहीं है कि जो भ्रष्टाचार करते हैं उन्हें निकाल दिया जाए। लेकिन इस निष्कारसन की कार्रवाई से इस देश के गरीब, दलित और कमजोर लोगों में यह भाव न जाए कि संसद के बड़े लोग अपनी जमात में हमारे जैसे कमजोर लोगों को बैठने की इजाजत नहीं देते हैं और उनके लिए संसद में कोई जगह नहीं है। जिस दिन संसद के बारे में यह भाव गरीबों के मन में जाएगा, मैं समझता हूं कि इस संसद के लिए खराब बात होगी। इसलिए इन सब बातों के बारे में आपको गंभीरता से सोचना चाहिए।

सदन के नेता ने इस बात को कहा है कि सदन कोर्ट ऑफ ला नहीं हो सकता। दसवीं लोकसभा में सदन के सामने दलबदल हुआ। दसवीं लोकसभा में श्री शिवराज पाटिल स्पीकर थे, उनके सदन में जाकर सदस्यों ने कहा कि हम दल छोड़ रहे हैं। उनके सामने लोगों ने पार्टी व्हिप का उल्लंघन करके वोट दिया। लेकिन वोट देने के बावजूद वे तुंत नहीं निकाले गए। संविधान की धारा 21 में लिखा है-

> "No person shall be deprived of his life or personal liberty except according to procedure established by law."

मुदगल कांड हुआ, यह बात सही है। यह कांड कब हुआ? यह कांड प्रोवीजनल पार्लियामेंट में हुआ। प्रोवीजनल पार्लियामेंट क्या थी, अंतरिम संसद क्या थी? अंतरिम संसद, संविधान सभा ही बदल गई थी। संविधान सभा क्या थी? संविधान सभा एडल्ट फ्रेन्चाइज के आधार पर शुरू हुई थी और उस संसद ने अपने कानून नहीं बनाए थे इसलिए भारत के प्रधानमंत्री ने सांसद के आचरण की जांच के लिए एक कमेटी बनाई। लेकिन आज भारत की संसद इतनी विकसित हो गई है कि अपने नियम बना लिए हैं और कार्रवाई करने का अधिकार अपने में ले लिए है। श्री प्रणव मुखर्जी ने बिल्कुल ठीक इशारा किया कि श्रीमती इंदिरा गांधी को वर्ष 1977 में प्रिविलेज कमेटी में जो बहस हुई थी, उस रिपोर्ट के आधार पर निकाला गया था। मेरी मान्यता है जनता पार्टी ने बहुत सी गलतियां की थीं और श्रीमती इन्दिरा गांधी के नए राजनीतिक जीवन में एक बड़ी गलती यह भी थी कि बहुमत के आधार पर चुनी हुई, लंबे समय तक भारत की प्रधानमंत्री रही, महिला को अपने बहुमत के आधार पर सदन से निकालने का काम किया था।

अध्यक्ष महोदय, इसलिये, जब मैंने आपके पिताश्री को 17 साल की उम्र में सुना और जब आप हम लोगों को डांट लगाते हैं, आपकी शक्ल में अपने पिताश्री की दृष्टि नजर आती है। किसी भी वाचाल बेटे को डांटना किसी लायक पिताश्री का कर्तव्य है और 17 साल की उम्र में  जब मैंने आचार्य कृपलानी, डा. राम मनोहर लोहिया, आचार्य रघुवीर के साथ जब मैं बी.ए. के प्रथम दर्जे का विद्यार्थी था, उस समय निर्मल चन्द्र चटर्जी का भाषण सुना। मैं उनकी वाकशैली से प्रभावित हुआ। इसलिये इस सदन में जब मैं आपके साथ बैठता था और आज भी

अपने पिताश्री के रूप में देखता हूं , उसे आपकी डांट को उसी रूप में स्वीकार करता हूं। मेरी यह मान्यता है कि  हर पिता की जो नालायक संतान होती है, उसका उसके प्रति मोह होता है। अगर कहीं भी नालायक बेटा किसी बात में यदि अपने पिता की जेब से चार रुपये चुरा लेता है, तो उस चार रुपये की चोरी के लिये उसे सूली पर चढ़ा दे, ऐसा इतिहास में हमने नहीं सुना।

अध्यक्ष महोदय, यह ठीक बात है कि इन्होंने गलती की और उसकी उन्हें सज़ा मिलनी चाहिये और जितनी कड़ी से कड़ी  सज़ा हो, उतनी मिलनी चाहिये लेकिन उन्हें डिफैंस का अवसर मिलना चाहिये।

इन्हीं शब्दों के साथ, चूंकि आपने इस कार्यवाही को स्वयं इनीशिएट किया था,इसके लिये  मैं इस प्रस्ताव का पुरज़ोर समर्थन करते हुये इन लोगों की जिन भावनाओं की आशंकाओं के प्रति ध्यान दिलाया है, उन पर ध्यान दिया जायेगा।

MR. SPEAKER: I have never suggested a particular type of punishment.

**श्री मोहन सिंह :** अध्यक्ष महोदय, मेरी एक बात और रह गई है। चूंकि 'स्टिंग ऑपरेशन' के बारे में बहुत बातें कही जा रही हैं। आज के हिन्दुस्तान टाइम्स में सगारिका घोष ने एक सुन्दर लेख लिखा है जिसमें कहा गया है  :

> "Sting operators are generally canny businessmen on the look out to fix someone in order to sell their product to the highest bidder in the media market.  As media becomes a big business, naturally, there will emerge ancillary industries to serve this mega business, and sting operation is one such ancillary industry."

अध्यक्ष महोदय, इस बात को भी अपने ध्यान में रखना चाहिये। मैं इन्हीं शब्दों के साथ आपको बहुत बहुत धन्यवाद देता हूं और अपनी बात समाप्त करता हूं।

MR. SPEAKER: I never suggested any form of punishment or any punishment at all. I left it to the House.

Shri Devendra Prasad Yadav.

**श्री देवेन्द्र प्रसाद यादव (झंझारपुर) :** अध्यक्ष महोदय, सदन के नेता द्वारा जो मोशन सदन में लाया गया है, इस पर विचार करने के बाद सदन के क्षण दुखद तो हैं ही, लेकिन कठिन भी हैं। यह संवेदनशील मोशन है क्योंकि आज सदन को ऐसा निर्णय लेना है जिसमें हम अपने सहकर्मियों के खिलाफ, जिनके द्वारा गलत आचरण किया गया है, उसके लिये सज़ा निर्धारित करने में फैसला सदन को करना है। इसलिए विषय बहुत ही संवेदनशील है, दुखद है।

अध्यक्ष महोदय, आज निष्कासन के प्रश्न पर राय देने का अवसर आया है। मैं कुछ बातों का जिक्र करना चाहूंगा। संस्था के सामने कोई भी व्यक्ति आपने आप में बड़ा नहीं होता है। यहां संसदीय लोकतंत्र है और उसके सर्वोच्च मंदिर में हम चर्चा कर रहे हैं। संसदीय लोकतंत्र में सदन सर्वोच्च है। जो भी यहां निर्णय किया जायेगा, उसका प्रभाव राज्य के विधानमंडलों पर पड़ेगा और पूरे देश पर पड़ेगा। आज यह एक ऐतिहासिक क्षण है जिस पर हम अपनी राय रखने वाले हैं। माननीय सदस्य श्री मोहन सिंह जी ने महत्वपूर्ण बिन्दुओं की ओर पहले ही इशारा कर दिया है। सदन में इस मोशन पर विभाजन बहुत ही कष्टमय होगा। इतना

कष्टकारक क्षण संसदीय लोकतंत्र के इतिहास में अलग अध्याय के रूप में जुड़ जायेगा।

यदि इस मोशन पर सदन विभाजित हो जाता है, दो भाग हो जाता है, तो हमारे पास अभी भी इसी सदन में इस पर विचार करने का मौका है, इसके प्रोस एंड कॉन्स को देखने का अवसर है, क्योंकि यदि विभाजित होकर इस पर कोई फैसला निकलता है, सदन में कोई नतीजा निकला है तो वह ज्यादा कष्टकारी, दुखदायी और परेशानी वाला फैसला होगा। इसीलिए मैं कहना चाहता हूं कि जो सांसद हैं, वे संविधान की ओथ लेकर संसद में आते हैं और सांसद बनते हैं। हम में से कोई भी माननीय सदस्य यह नहीं चाहेगा कि भ्रष्टाचार किसी भी हालत में शिष्टाचार बन जाए। हमने किसी भी हालत में भ्रष्टाचार को शिष्टाचार नहीं बनने देना है, लेकिन जो दंड निर्धारण हो, उसमें पूरी प्रक्रिया को अपनाने का अवसर मिलना चाहिए, जिसकी बात यहां उठ रही हैं। इसीलिए मैंने जिक्र किया, क्योंकि यह प्रजातंत्र का सर्वोच्च मंदिर है। इसलिए पार्टी से ऊपर उठकर इस पर यहां विचार करना चाहिए और दलों की सीमाओं से ऊपर उठकर ही हम न्याय कर सकते हैं, उन सांसदों के साथ। सदन की गरिमा अक्षुण्ण रहे, इस सर्वोच्च संस्था की जो डिगनिटी है, मर्यादा है, ऊंचाई है, उसे बचाये रखने का भी हमें ध्यान रखना पड़ेगा।

यहां दो तरह की बात हो गई। मैंने शुरू में जिक्र किया था कि हमारे सामने दो परिस्थितियां पैदा हो गई हैं। माननीय सदस्य, श्री विजय कुमार मल्होत्रा ने कुछ न्याय प्रक्रिया की बात उठाई। यहां न्याय प्रक्रिया या कानून की बात करना

अप्रासंगिक होगा। उसकी यहां कोई रिलेवेन्सी नहीं है। सदन में अपना निर्णय लेने के लिए हम खुद सक्षम हैं। उन सांसदों की तकदीर, तदवीर और किस्मत का फैसला पूरी तरह से संसद के हाथ में है। यह संसद सर्वोपरि है। इसमें न्याय प्रक्रिया की बात करना, कानून की बात करना, न्यायालय का उदाहरण देना, मैं समझता हूं कि इन सबकी यहां जरूरत नहीं है।

महोदय, माननीय सदस्य लोकतंत्र में मूडी गिने जाते हैं। हम लोग गांवों और देहातों में बोलते हैं। वहां मूडी गिनने का मतलब जनमत जानना होता है। उसमें सिर गिने जाते हैं। यहां भी कन्सैन्सज देख लिया जाए कि जनमत क्या कहां तक है , माननीय सांसदों की भावना इस मामले में क्या है, तभी लोकतंत्र की गाड़ी चलेगी। 51 जिसके पास होते हैं, वह राज चलाता है और जिसके पास 49 होते हैं वह उधर बैठ जाता है। इसलिए उधर वालों का प्रस्ताव अपनी तरह का है और इधर जो 51 वाले हैं, इनका अपनी तरह का प्रस्ताव है।

अध्यक्ष महोदय, आप सर्वोच्च हैं। आप न्याय की पीठ पर आसीन है, आप ऐसी ही जगह बैठे हैं। आपने सदन की समिति बना दी और सारे नेताओं की राय ली। आपने पूरी प्रक्रिया अपनाई है। लोक सभा के माननीय अध्यक्ष की जो प्रक्रिया है, उसमें वाइड कंसलटेशन करके आपने सदन की एक समिति बना दी, सदन की उस समिति ने अपनी रिपोर्ट दी और उस रिपोर्ट की बाबत आज हमारे सदन के नेता ने यहां मोशन प्रस्तुत किया है। निश्चित रूप से हम इस रिपोर्ट के विरुद्ध नहीं जाना चाहते, क्योंकि इस रिपोर्ट में जो कुछ भी है, उसके अलावा भी यदि

कुछ करना पड़े तो वह सदन पर निर्भर करता है। मै सदन की समिति की रिपोर्ट के पक्ष में हूं और इसका समर्थन करता हूं।

**श्री ब्रजेश पाठक (उन्नाव) :** माननीय अध्यक्ष महोदय, भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में हम आज जो इतिहास रचने का प्रयास कर रहे हैं, उसकी परिकल्पना करने से ही हमारा तन, हमारा सिर सिहर उठता है और पूरा शरीर कांप उठता है। आज एक इतिहास को हम रचने का प्रयास करने जा रहे हैं। जो माननीय सदस्य हिन्दुस्तान के लोकतंत्र को बचाने के लिए चुनकर संसद में आये थे, जिन्हें जनता ने अपने वोट से चुनकर यहां भेजा था, एक समाचार चैनल पर, टी.वी. पर कदाचार, भ्रष्टाचार का आरोप लगाने के बाद, गठित समिति ने मात्र कुछ दिनों के अंदर उनकी बर्खास्तगी की सिफारिश कर दी और माननीय नेता सदन ने हाउस के सामने प्रस्ताव रखा कि उन सभी 10 माननीय सदस्यों को सदन से निष्कासित कर देना चाहिए।

महोदय, यह बहुत गंभीर मुद्दा है। परंतु यह मुद्दा आज का नहीं है। हो सकता है कि आज ब्रजेश पाठक इस लोक सभा का सदस्य है, यहां जितने लोग बैठे हैं, कल वे रहें या न रहें, लेकिन हिन्दुस्तान के लोकतंत्र के इतिहास में एक काला अध्याय आज जुड़ने जा रहा है, जिसमें इतिहास के पन्नों में दर्ज हो जाएगा कि हिन्दुस्तान के लोगों ने अपने कुछ सदस्यों को जांच का मौका दिये बगैर, उनको मात्र कुछ दिनों में निष्कासित कर दिया। यह 12 दिसम्बर की घटना है, जिसके दो दिन बाद समिति गठित हुई और 22 तारीख को समिति ने अपनी

रिपोर्ट दे दी जिसमें सभी माननीय सदस्यों के साथ फांसी पर चढ़ाने जैसा व्यवहार किया गया है। जो सदस्य इस घोटाले में फंसे हैं, उनकी राय है कि इससे तो मर जाना बेहतर है। एक सदस्य ने हमें फोन किया, हालांकि मेरे सामने आने की तो उनकी हिम्मत नहीं हुई, उसने कहा कि हे भगवान! ऐसा हो कि कोई ट्रक सामने से आ जाए, मैं कार के नीचे आ जाऊं और मर जाऊं। इतनी बड़ी घटना पर एकतरफा निर्णय किया जाना, जिसका पूरा सदन गवाह है, इस पर हिन्दुस्तान का लोकतंत्र, विश्व का महानतम लोकतंत्र मूकदर्शक बना नहीं रह सकता। हम अपनी आवाज़ को बुलंदी के साथ पूरे विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र में रखना चाहते हैं। हम मूकदर्शक नहीं बने रह सकते। हम लोकतंत्र के इतिहास में एक नया अध्याय जोड़ने जा रहे हैं। हम पूरे विश्व को बताने जा रहे हैं कि आपने दस सदस्यों को मात्र दस दिनों के अंदर, जांच का मौका दिये बगैर, मात्र इसलिए निकाल दिया कि उन्होंने कथित कदाचार किया था, प्रश्न पूछने के लिए पैसे लिये थे।

माननीय अध्यक्ष जी, यह बहुत गंभीर विषय है। अगर इस बात को लेकर हम माननीय सदस्यों को निष्कासित कर देते हैं तो सोचिये, कि बात निकलेगी तो बहुत दूर तलक जाएगी। फिर हमारे लोक सभा सचिवालय पर भी अंगुलियां उठेंगी। आप महान हैं, आप माननीय अध्यक्ष हैं। लोक सभा की कार्रवाई आप देखते होंगे कि ब्रजेश पाठक ने सबसे ज्यादा प्रश्न डाले हैं। क्या कल हमारे ऊपर भी यह आरोप लगेगा? मैं एक किसान का बेटा हूं, गांव से निकला हूं। जब दो-तीन महीने सत्र नहीं चलता है तो मैं अखबार पढ़ता हूं। रोज़ अखबार में निशान लगाता हूं कि हमारे हिन्दुस्तान के लोगों की पीड़ा क्या है, कहां दर्द छिपा है। मैं लगातार दो

Sir, para 3.5, which is the last para, of page 26 of the Report says: "In this context, the Committee would like to bring to record that all the 10 Members while deposing before the Committee were asked whether they would like to view the relevant video footage so that they could point out the discrepancies, if any. All the Members refused to view the relevant video footage." What does it mean? It means that the Members so accused were afraid to face the truth on the screen.. (*Interruptions*) That is my interpretation. You can put out it separately. But my interpretation is that these 10 Members were afraid to face the video screening of the tape that was screened on the television. Why was it not taken to view? They could have pointed out where the discrepancies lie. If they had pointed that there were the discrepancies, then we could have accused the Committee for taking a partisan stand.

Sir, Prof. Malhotra raised a question that according to him the trial has been very swift. May I suggest that the Resolution was moved in this House; the hon. Speaker made the announcement that the Committee was being set up to give its views within 10 days. At that point of time, no hon. Member from any side had raised this question. All Members were present in the House, and it was brought to the notice of the House that it is going to be a swift trial, too swift to bring justice to the case that we are discussing about. Therefore, the whole House is a party to a decision wherein a Committee was set up and the Committee was given a time of 10 days to make its recommendations to Lok Sabha.

Therefore, what is wrong in it? At that point of time, it was not stated that let this Committee not be set up; let this case be referred to the Privileges Committee. But what is now being said by the hon. Member and my esteemed friend Prof. Malhotra -- we had been together in the Rajya Sabha for many years and we are together in the Ethics Committee -- is that why the Privileges Committee was not given this job and why this Committee was appointed. It is an afterthought.

While the decision was being taken in the House, all of us were party to it including Prof. Malhotra, and it was not suggested at any point of time that Five-Member Committee was not enough, and let this case be sent to the Privileges Committee? Why is this afterthought now?

Sir, I am amused by the argument of my hon. friend. What he says is that 'a military officer was caught red-handed while smuggling a bottle of wine, but he was not thrown out; he was sent for court martial.

SHRI VIJAYENDRA PAL SINGH : A truckload of bottles were seized.. (*Interruptions*)

SHRI GURUDAS DASGUPTA : That is exactly I am saying.. (*Interruptions*)

MR. SPEAKER: Mr. Vijayendra Pal Singh, please. You have made many allegations against the Chair also. I will answer them.

SHRI GURUDAS DASGUPTA : Does he believe that this condoning of criminality, if it is truth in military, the same way we should condone the aberrations of Parliamentary principles in Lok Sabha also? What is the argument about?

Sir, the basic question is that they were given the transcripts of the exposure; they were supplied with the copy; and they were heard, in person. They were asked whether they wanted to see the unedited portion but they refused it. Therefore, in my humble opinion -- I am there in Parliament for quite a long time - no finger can be raised pointing out that the Committee so appointed by the House did not do its job.

Sir, a question is being raised about the sting operation that sting operation is banned in Japan; that it is banned in the United States. If they want to ban the sting operation in India, they may bring a Resolution. We can discuss it. But since sting operation has exposed 10 Members of Parliament, therefore, let us not raise the question of credibility of the Media. Media has done its job. Parliament is to do its job. It is for the Parliament to decide whether the findings of this sting operation has any basis, has any material. Its objective calls for punitive action of Parliament or we can condone it. Let us not blame the Media. They have done their job. We should do our job.

Sir, therefore, the basic point is this. (*Interruptions*)

MR. SPEAKER: Please conclude.

SHRI GURUDAS DASGUPTA : I know, Sir, that I am hurting them. I know, my arguments do hurt. (*Interruptions*)

MR. SPEAKER: Mr. Kharabela Swain, you do not have to teach anybody. Please take your seat.

. (*Interruptions*)

MR. SPEAKER: Nothing will be recorded except what Mr. Dasgupta says.

*(Interruptions)* *

*Not Recorded.

MR. SPEAKER: Mr. Dasgupta, please address the Chair.

**श्री जुएल ओराम :** यदि आप मानेंगे तो मैं 29 और 30 केवल दो पैरा पढ़ूंगा।

MR. SPEAKER: No, not now. When you get your turn, you may speak then. Now, please do not disturb.

It is not being recorded, Mr. Oram.

*(Interruptions)**

SHRI GURUDAS DASGUPTA : Sir, I concede that it is a tragic situation for the Parliament; I concede that I speak with the heavy heart and I concede that the situation constitutes a grave crisis for the nation as well for the Parliament.

It is not with a sense of joy that we are here to speak in support or against the expulsion. It is in the discharge of our duty as enjoined by the Constitution. Let us part with the company of our colleagues who have themselves parted with all moral scruples and allowed themselves to reach the bottom of moral degradation, abusing cynically the position they have been elevated to by the electorate of the country.

MR. SPEAKER: Please conclude.

SHRI GURUDAS DASGUPTA : I am concluding. I must say one thing here.

The political system of the country is interpreted to be tainted. When the political life of the country is overcast with dense cloud of suspicion and mistrust, when the public figures - not all, but many - are on the point of losing their credibility, when the political system appears to be tainted and when all that we do are sought to be interpreted as an act for gain, there is a need to begin an effort to turn the wheel of events - the message must be loud and clear that the $14^{th}$ Lok Sabha is determined to initiate a process for cleansing the public life and clear the apprehension among the people.

*Not Recorded.

The apprehension among the people must be dispelled; the Parliament has risen to its height to indict the Members who fell much below the bottom by being accused, and have been found to be taking money. It is with a heavy heart that we light a flame of hope among the millions in deep darkness of despair in this House. Let the nation know that the highest temple of democracy cannot be blurred and cannot be tainted by the action of a few because the majority has taken a decision to punish them with an exemplary punishment.

MR. SPEAKER: Before I call the next hon. Member to speak, I wish to make a comment because when I was not here, one hon. Member unnecessarily brought the Chair into this debate. He put a question as to why the Chair did not refer it to the Privileges Committee and why the Chair did not refer it to the Ethics Committee, etc. The answer is very simple.

The House is ultimately the master. The composition of this Committee, the time that should be allowed, etc. were fixed in consultation with all the hon. leaders, including the leader of party to which the hon. Member belongs. His Party acceded to it. As a matter of fact, he agreed to be a member of it; he became a member of it. He participated in it.

Therefore, why should you bring the Chair into this now? It was said by me that the report that will be submitted, would be presented to the House. It had been presented to the House. It is for the House to take a decision. The Committee can only make a recommendation.

. (*Interruptions*)

MR. SPEAKER: No. You have already brought it.

. (*Interruptions*)

SHRI VIJAYENDRA PAL SINGH : I have praised the Chair too. . (*Interruptions*)

MR. SPEAKER: This is very unfair to the Chair.

. (*Interruptions*)

SHRI VIJAYENDRA PAL SINGH : I praised you. . (*Interruptions*)

MR. SPEAKER: I do not need anybody's praise. I only said this just to keep the records straight. It was not my unilateral or individual decision.

Now, Shri Anant Gudhe.

SHRI VIJAYENDRA PAL SINGH : I have all the respects for you. . (*Interruptions*)

MR. SPEAKER: This is very unfortunate. From the very beginning, I have said that I have nothing to do in this matter. I have made no comments on the merits; I have not said that it should be passed or it should not be passed. I have only referred that the Resolution has been brought forward. Now, to say that I did not refer it to that Committee, is not fair.

. (*Interruptions*)

SHRI VIJAYENDRA PAL SINGH : You did not even mention that part of it - I said that the Speaker took such a good decision, which everybody appreciated. You left out that portion. You mention only the part which hurts you.

MR. SPEAKER: Yes, it hurts me and it hurts the institution, because you make the Chair a party to the controversy.

**श्री अनंत गुढ़े (अमरावती) :** अध्यक्ष महोदय, 12 दिसम्बर को मीडिया ने संसद सदस्यों द्वारा प्रश्न पूछने के लिए पैसे लेने के बारे में बताया था, उससे संबंधित बंसल कमेटी की जो रिपोर्ट आई है, उस पर आज सदन में चर्चा हो रही है। चर्चा करने की जो मुख्य बात है, इसमें कोई दो राय नहीं है कि हम इन्हें शिक्षा दें। इन्हें शिक्षा देने के बारे में सारे सदन की एक राय है। सत्तारूढ़ पक्ष और विपक्ष इस बारे में एकमत हैं। उन्हें नियम के अनुसार शिक्षा मिले, इसमें कोई दो राय नहीं है। लेकिन शिक्षा देते समय, उन्हें अपनी सफाई देने की पूरी सुविधा मिलनी चाहिए। हम जो सजा उन्हें देने जा रहे हैं, उसके बारे में उन्हें कहने का पूरा अवसर मिलना चाहिए। इसी बात पर जो संशोधन श्री मल्होत्रा जी की तरफ से आया है, उस पर केवल चर्चा हो रही है।

इस देश में भ्रष्टाचार कोई नई बात नहीं है। स्वतंत्रता मिलने के पहले से ही इस देश में भ्रष्टाचार है। एक बार तो इस देश के पूर्व प्रधानमंत्री जी ने कहा था कि देश में इतना भ्रष्टाचार है कि हम जब गरीबों के लिए यहां से एक रुपया भेजते हैं, तो लोगों तक केवल 15 पैसे पहुंचता है और 85 पैसे करप्शन में चले जाते हैं। जहां तक इस रिपोर्ट का सवाल है, मैंने पढ़ा है, सारे मुद्दे इसमें लिए गए हैं। श्री अनिरुद्ध बहल और टीवी चैनल आज तक के साथ यहां पर जो विटनेस हुई

थी, उसमें कहा गया है कि दो सदस्य थे, जिनके पास हम गए थे, लेकिन उन सदस्यों ने पैसे नहीं लिए। उनके पीए ने पैसे लिए। सबसे बड़ा यह सवाल खड़ा होता है कि घूस लेना जितना बड़ा गुनाह है, क्या घूस देना उतना बड़ा गुनाह नहीं है? इन्होंने घूस देने की कोशिश की है और यह सब रचाया है। जिन्होंने घूस ली है, ठीक है, उनके विरुद्ध कार्यवाही हुई है, लेकिन जिन्होंने घूस देने की कोशिश की है, उनके ऊपर क्या कार्यवाही की गई? इस रिपोर्ट में क्यों नहीं कहा गय कि वे भी गुनाहगार हैं। यह बात इस रिपोर्ट में नहीं कही गई है। यहां पर श्री कपिल सिब्बल जी, जो सदन के सदस्य भी हैं और मंत्री भी हैं, उन्होंने अपने भाषण में कहा कि क्या हम उन्हें फांसी पर चढ़ा रहे हैं, जेल में भेज रहे हैं, लेकिन जो सदस्य 15-20 लाख लोगों में से चुन कर आता है, जो सदस्य लाखों लोगों की तरफ से सदन का सदस्य चुन कर आता है, इतनी बड़ी संसद में आता है, मुझे लगता है कि जेल भेजना, उनकी राष्ट्रीय हत्या है। हम उनकी पोलिटिक्ल हत्या कर रहे हैं। उनका समाज में जो स्थान है, वह आगे चल कर नहीं रहेगा। अगर कोई गरीब गुनाह करता है, तो हम उसे सफाई के सारे अवसर प्रदान करते हैं कि वह अपने आपको निर्दोष साबित कर सके। निचली कोर्ट में, हाई कोर्ट में और सुप्रीम कोर्ट में जाने की सुविधा है। अगर कोई अधिकारी भ्रष्टाचार करता है, घूस लेता है, तो उसके लिए भी सारे दरवाजे खुले रहते हैं। सारी अदालतें खुली रहती है और बाद में वह फिर से नौकरी में आ जाता है। ऐसे कई केसिस इस देश में हुए हैं। उन्हें भ्रष्टाचार के लिए कोई फांसी नहीं दी गई है।

**15.00 hrs.**

अध्यक्ष महोदय, दिनांक 12 दिसम्बर को यह मामला टी.वी. न्यूज चैनल पर आया, 15 दिसम्बर को कमेटी बनी, 22 दिसम्बर को रिपोर्ट सब्मिट हुई और आज 23 दिसम्बर को यहां चर्चा हो रही है। सदन के नेता बोल रहे हैं कि इनको सजा दी जाए। इस संबंध में, मैं केवल इतना ही कहना चाहता हूं कि इस मामले की पूरी तरह से परीक्षा हो और इस दृष्टि से इस मामले को विशेषाधिकार समिति को सौंप दिया जाए।

महोदय, यदि यह मामला कोर्ट में जाएगा, तो कोर्ट सीधे-सीधे यही कहेगा कि सजा देने की जो प्रक्रिया होती है, वह नहीं अपनाई गई। संसद ने इस पर गहन चर्चा नहीं की और संसद ने एकदम इस बारे में डिसीजन ले लिया। कोर्ट हम पर ऐलीगेशन लगा सकता है। कोर्ट का देखने का नजरिया अलग होता है। मैं यह मानता हूं कि संसद सबसे ऊपर और संसद सबसे बड़ी है। इस देश से भ्रष्टाचार मिटाना है, इसमें कोई दो राय नहीं हैं। इस पर सारे सदस्य एक हैं, लेकिन यह सब करते समय और भ्रष्टाचार देश से मिटाने की बात करते समय, यह भी देखा जाना चाहिए कि जो गुनेहगार हैं, उन्हें अपने बचाव का पूरा चांस मिलना चाहिए।

**अध्यक्ष महोदय** : प्राइवेट मैम्बर्स बिजनैस को अगले सैशन के लिए ट्रांसफर कर देते हैं।

**श्री अनंत गुढ़े** : महोदय, न्यायालय हमेशा यह कहता है कि भले ही 10 गुनेहगार छूट जाएं, लेकिन एक बेगुनाह को सजा नहीं होनी चाहिए। जब कोर्ट इतनी बात कहता है और इन सब बातों को देखता है, तो इस मामले में जिन्हें दोषी करार

दिया जा रहा है, उन्हें बचाव का पूरा अवसर देना चाहिए। इसलिए प्रो. विजय कुमार मल्होत्रा जी ने जो प्रस्ताव रखा है कि विशेषाधिकार समिति को इस मामले को भेजा जाए, वहां इस मामले में पूरी चर्चा हो, वैसा किया जाए। इस बारे में हमारी शिव सेना पार्टी भी उनसे सहमत है। हमारी पार्टी भी चाहती है कि किसी गुनेहगार को बख्शा नहीं जाए, लेकिन किसी को सजा देने से पहले उसे बचाव का पूरा चांस देना चाहिए। मैं सिर्फ इतना कहकर अपनी बात समाप्त करता हूं।

SHRI BRAJA KISHORE TRIPATHY (PURI): Sir, it is a very painful day. This is the most unfortunate incident for the entire country, particularly for us in this august House and for parliamentary democracy in general.

Sir, I would like to remind the House about the debate of the Constituent Assembly that took place to decide about a minimum qualification for the legislators.

MR. CHAIRMAN: The Private Members' Business stands postponed to the next Session.

SHRI BRAJA KISHORE TRIPATHY : The debate continued for a long time to decide about setting a minimum educational qualification a standard for a legislator. But in the light of the fact that all our freedom fighters had to give up their studies midway, it was decided not to keep any minimum educational qualification standard for the legislators. But very rightly they had talked about and decided that the "moral education", as the minimum qualification for a legislator. Now, we are completely bankrupt on this question of moral education.

Sir, now the entire country does not believe in the political people. People have lost their trust and confidence in the public representatives. But I would like to remind this House that the Sting Operation, whatever happened, has happened outside the Parliament.

**श्री राम कृपाल यादव (पटना) :** अध्यक्ष महोदय, प्राइवेट मैम्बर्स बिल पर चर्चा करने का समय हो गया है।

MR. SPEAKER: You had not been careful when I said about this. The Private Members' Business will be taken up in the next Session.

SHRI BRAJA KISHORE TRIPATHY : I would like to know whether we are intending to take action on something which happened outside the Parliament? This is the fundamental question that I would like to raise and I would like to be answered about this.

When this House has the wisdom to take action on something which has happened outside the Parliament, then why are the tainted Ministers sitting here against whom there are serious corruption charges? Why they are not disqualified? They are not dismembered so far? They are continuing to hold their portfolio when the bail process is going on. Is it right on our part to take action only against Members while such alleged corrupt Ministers, who ought to set an example to others, are sitting here? They are continuing as Ministers and also Members of this House. This question has to be answered. When we are debating on this issue and when we take a final decision on this issue, this question has to be answered. This question has not yet been answered.

Sir, you are a leading legal expert in the country. So, I would not like to explain each point. What is our legal jurisprudence? What does it speak about? Our Legal jurisprudence is based completely on human grounds. Human values are reflected there, in our legal jurisprudence. It says that a culprit may be excused or acquitted but an innocent person should not be punished. We are adhering to this type of legal jurisprudence. This jurisprudence is accepted by us and the Constitution has also accepted this legal jurisprudence. Our criminal laws are based on this legal jurisprudence. Even if a crime has happened or occurred in the presence of a judge, he cannot hang that person. Even if the judge is an eye

witness to the occurrence of the crime, he will have to follow the procedure like FIR, police case, etc.

**15.07 hrs.** (Shri Varkala Radhakrishnan *in the Chair*)

There shall be cross-examination etc. even in that case. That is why, the eyes of justice are blind. Even if the crime has happened in his presence, and even if he is an eye witness to it, he cannot punish the culprit. He shall have to go through the procedure required and only then punish the guilty. We have accepted this legal jurisprudence and we have adhered to it. If this is the position, then how will it be possible just to dismember or expel a Member of Parliament?

I want to bring one point from the Report of the Committee to the notice of the House. I want to refer to paragraph 29 wherein one of the ten accused Members, Shri Lal Chandra Kol has given evidence. What has he said in his evidence before the Committee on 18th December, 2005? In paragraph 29, it is stated:

> "What has been shown in the video is not true. Actually, the money which I have been shown as accepting in the video is my money which I had given to one Saligram Dubey who is from my village for buying seeds. He is returning me that money which has been shown in the video in a distorted manner. I am absolutely not guilty."

So, where is the evidence before the Committee that he is guilty? Have they examined whether this gentleman is really returning the money and when he was returning it, was this video-taped? This has not been cross examined because there was no time. This is what paragraph 29 says. We are now dismembering an innocent person, if what he says is true. This has to be further examined. It is necessary to do it. We cannot punish a person who is innocent. The examination is not sufficient. He is also telling something else which require to be cross-examined or further examined. So, this part should be answered. It is necessary to be answered. That is why I say that we should not punish an innocent Member by just looking at the video. They should be given sufficient time.

Sir, justice hurried is justice buried. So, we should not be in a hurry to punish somebody. If there is a *prima facie* case, let us accept that position. They should be given sufficient time. They should be allowed for their deposition to present their witnesses. Then, let them be punished. Something had happened in the past. Rightly or wrongly, this House, in its wisdom, expelled a Member in the past also. We had done it rightly or wrongly in the past. So, now also we are repeating the same thing. We will commit the same mistake again. Will we rectify our mistake or will we go on committing the same mistake again and again? That is the point to be discussed. That is to be deliberated upon.

We are against corruption. My Party is against corruption. We are continuing in power for about 8 years in our State fighting against corruption of the Congress Party, the misrule of the Congress Government. My Party came to power fighting against corruption. It is also against corruption. Hence, there is no point in compromising with corruption. But we must be honest while dealing with this matter. When we are punishing somebody, they should be given sufficient time.

Here, I want to warn everybody that the Parliamentary System is in crisis today. Why is it in crisis? We must go for introspection and should discuss it. Are the Parliamentary parties of the country amazed? I want to tell this august House one thing. Are they transparent? Whatever money they are collecting, whatever accounts they are giving maintaining and submitting to the Election Commission, are they true? All the Members of Parliament are filing their returns about their election expenditure. Are the returns true? Why? This has happened. This system has developed like this.

A political donation is not illegal in our country. But interestingly the donor is not interested in giving money in white through a cheque, nor the taker is interested in taking white money through a cheque. This is happening. We are collecting political funds for our election purpose. How are we collecting? Is it transparent? So, first, we must try to be transparent. We must try to develop this

system in our own political system. Mr. Minister, if you want to maintain a transparent political system in our country, if you want to just continue with this Parliamentary System, if you want to make the Parliamentary System a healthy system, then, the system as a whole has to be changed.

There is no accountability of the political parties. The Constitution is silent about political parties. Members are punished but the political parties have never been punished. Only the people can punish the political parties. That is our system. As I have said just now, the Constitution is silent on that. Our fore-fathers never believed that the next generation, the future generation of political parties would be irresponsible; they would behave in this manner; there would be no internal democracy in the political system; the political parties never adhere to their internal democracy, etc. This is happening now. The situation has come to this stage. That is why we should rectify the entire system. Let us rectify the political parties. Let there be honesty first. Then, we can strengthen the Parliamentary Democracy. That is why, my point is that we must be careful. Of course, we must punish these people. But they should be given sufficient time. They should be allowed to say whatever they want to say. Let them say. Let them be suspended. Let them not be allowed to take anything - whatever they are entitled to as Members of Parliament. It should be not only in respect of attending this House but also the entire thing should be suspended. They should not be given anything till their trial and investigation is completed. That is why, Mr. Chairman, Sir, my point is that the alleged Members should be given sufficient time. They should be allowed to defend and give the entire thing which they want to do. Then only, they shall be hanged or we shall give them punishment - whatever punishment they are entitled to.

If somebody is doing some undue things, if somebody is involved in corruption, they should not be allowed to go free. We should not be a party to that thing. This House is entitled to show the example to the entire country and the entire world. We believe in parliamentary democracy and our Members should be

honest in all respect. But they should also be given sufficient time. That is my point. This House should not be divided on this issue. My honest request is that the House should not be divided. If the House will be divided then my Party cannot be a party to this thing. I want to announce this thing. If the House will be divided, there will not be unanimity on this issue then we cannot be a party to this thing. Either this side or that side, we cannot be a party to this thing. . (*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN : Please conclude.

SHRI BRAJA KISHORE TRIPATHY : Sir, my last request is that the Leader of the House, the mover of the Motion, should consider it. Let them be punished, but they should also be given sufficient time. Let them be suspended and let all their facilities be withheld. Let them be allowed to depose and make their own point and say whatever they want to say.

**श्री राजीव रंजन सिंह 'ललन' (बेगूसराय) :** सभापति जी, आज का दिन बहुत दुखद है, आज हम इस सदन में अपने साथियों के खिलाफ कार्यवाही पर चर्चा कर रहे हैं। प्रारम्भ में जब यह बहस शुरू हुई थी, तब अध्यक्ष जी ने कहा था कि यह दुखद स्थिति है और इस सदन को पार्टी के अल्पमत और बहुमत के आधार पर नहीं बंटना चाहिए, बल्कि इस सदन की, लोकतत्र की इस सर्वोच्च संस्था का जो गौरवशाली इतिहास है, उसकी रक्षा के लिए सदन को एकमत होना चाहिए। लेकिन चर्चा जैसे ही प्रारम्भ हुई, श्री बासुदेव आचार्य ने उसमें राजनीति घुसाने का काम किया, श्री कपिल सिब्बल ने भी उसमें राजनीति घुसाने का काम किया। आज चर्चा को राजनीति से ऊपर लोकतत्र की सर्वोच्च संस्था की रक्षा के सवाल पर रखने की आवश्यकता थी। आज पूरा देश हमारी तरफ देख रहा है कि इस संस्था की रक्षा करने के लिए हम कौन सा कदम उठाते हैं। इस संस्था के चेहरे पर जो

दाग लगा है, उसको धोने के लिए हम कौन सा कदम उठाते हैं। आज सारा देश हमारी तरफ देख रहा है। चर्चा में कायदे, कानून और नियम की बात आयी। मैं कहता हूं कि लोकतत्र कायदे, कानून और नियम के साथ-साथ लोक-लाज से भी चलता है। लोक-लाज लोकतत्र में सर्वोपरि है। आज आवश्यकता इस बात की है कि हम लोक-लाज को ध्यान में रखते हुए, लोकतत्र की इस सर्वोच्च संस्था की रक्षा करने के लिए यदि हमें कठोर से कठोर कदम भी उठाने पड़ें तो उसमें हिचकना नहीं चाहिए।

महोदय, स्टिंग ऑपरेशन की चर्चा हुई और उसमें कई बातो पर चर्चा हुई। कहा गया कि यह गलत है। यह कहा गया कि स्टिंग ऑपरेशन गलत है और मैं भी मानता हूं कि यह गलत है। लेकिन उसके आधार पर जो कृत्य हुआ है, उसे हम लोग जस्टिफाई नहीं कर सकते हैं, उसको सही नहीं ठहरा सकते हैं। स्टिंग ऑपरेशन के बाद 12 तारीख को सदन में चर्चा हुई। इस सदन ने एकमत से अध्यक्ष जी को अधिकृत किया कि वे समिति बनाएं। उस समिति के बनने के बाद भी हम लोग टीवी पर देख रहे थे कि उन दस सांसदों में से एक सांसद टेलीफोन पर संवाददाता से कह रहा था और उनकी सीधी बातचीत सुनायी पड़ रही थी, वे कह रहे थे कि अगर यह गलत हुआ भी और हमने गलत किया तो भी आपको हमें बताना चाहिए था, सारे देश को नहीं दिखाना चाहिए था। 12 तारीख को यह घटना हुई। पूरा सदन एकमत था और पूरे सदन की सहमति के बाद माननीय अध्यक्ष जी ने एक समिति का गठन किया और 12 तारीख को जब इस सदन में चर्चा हो रही थी, तब कई दलों के नेताओं ने स्पष्ट रूप से यह कहा था कि

कार्यवाही होनी चाहिए और कार्यवाही इस सत्र की समाप्ति के पहले होनी चाहिए। इस सत्र की समाप्ति तक जरूर होनी चाहिए। आज कमेटी ने काम किया है। मैं कमेटी के इस काम के लिए कमेटी के अध्यक्ष और सदस्यों को बधाई देना चाहता हूं। उन्होंने निर्धारित समय में काम पूरा करके सदन को रिपोर्ट प्रस्तुत की है।

सभापति महोदय, कमेटी ने जो जांच की, उसकी रिपोर्ट पढ़ने के बाद ऐसा लगता है कि उन सभी  सदस्यों को पर्याप्त अवसर दिए गए। कमेटी ने भी सीडी देखी। कमेटी ने ऑफर किया है कि आप उस वीडियो फुटेज को देखें। अगर आपको ऐसा लगता है कि उसकी टैम्परिंग हुई है तो आप समिति को बताएं, समिति उस पर कार्यवाही करेगी। सबने उसे लेने से रिफ्यूज़ कर दिया। समिति ने अपनी रिपोर्ट में एक जगह लिखा है और मैं मानता हूं कि वह सही है, कि यदि उसमें टैम्परिंग की गई होती, वीडियो फुटेज में कोई छेड़छाड़ की गई होती, तो शायद इलैक्ट्रॉनिक मीडिया उसकी ओरिजनल टेप समिति को देने में हिचकिचाता। उन्होंने सारे ओरिजनल टेप समिति को सौंप दिए जो इस बात का प्रमाण है कि उसमें कोई टैम्परिंग नहीं हुई। लेकिन नैचुरल जस्टिस को फॉलो करते हुए सब माननीय सदस्यों को इसके पर्याप्त अवसर दिए गए। इसलिए यह कहना गलत है कि उन्हें पर्याप्त अवसर नहीं दिए गए। आज जब हम इस पर चर्चा कर रहे हैं तो पूरा विश्व हमारी तरफ देख रहा है कि हम कौन सी कार्यवाही करना चाहते हैं। इसलिए मैं अपनी पार्टी की तरफ से और व्यक्तिगत तौर पर भी इस राय का हूं कि आज इस सर्वोच्च संस्था के गौरवमयी इतिहास की रक्षा के लिए कठोर से कठोर कदम उठाना आवश्यक है। य़ह सही बात है कि अपने साथियों पर कार्यवाही

करने में कष्ट होता है, पीड़ा होती है, तकलीफ होती है। जो साथी हमारे साथ सदैव बैठा करते थे, हम उनसे हंसकर बात किया करते थे, उनके खिलाफ कार्यवाही करने में पीड़ा और कष्ट तो जरूर होता है, लेकिन बड़े काम के लिए उस पीड़ा और कष्ट को भूलना पड़ेगा और इस संस्था की रक्षा के लिए कठोर कदम लेने पड़ेंगे।

सभापति महोदय, माननीय सदन के नेता ने जो प्रस्ताव पेश किया है, मैं उसका पूरे तौर पर समर्थन करता हूं। इसके साथ-साथ एक आग्रह जरूर करना चाहता हूं, कई माननीय सदस्यों ने इस बात की चर्चा की है - स्टिंग आपरेशन, स्टिंग आपरेशन गलत है, स्टिंग आपरेशन गलत है। इस तरह के कानून विदेशों में कई जगह नहीं हैं। आज मैं सरकार और आसन से भी आग्रह करूंगा कि उसे भी इसमें पहल करनी चाहिए, सब पार्टियों को बिठाना चाहिए, सरकार को भी इसमे शामिल करना चाहिए और स्टिंग आपरेशन बंद करने का कोई कानून बनाना चाहिए क्योंकि आपके व्यापार के लिए अगर स्टिंग आपरेशन भी

चल रहा है, तो वे अपने फायदे के लिए कर रहे हैं, अपने व्यापार के लिए कर रहे हैं, उसका व्यापारिक इस्तेमाल करना चाहते हैं, पैसा कमाने के लिए करना चाहते हैं। इस तरह की कार्यवाहियों पर भी रोक लगाने की कार्यवाही सरकारी स्तर पर होनी चाहिए और कानून बनना चाहिए।

इन्हीं शब्दों के साथ मै आपका आभार व्यक्त करते हुए अपना स्थान ग्रहण करता हूं।

**श्रीमती रंजीत रंजन (सहरसा) :** सभापति महोदय, मैं यहां पहली बार सांसद बनकर आई हूं। आज मुझे डेढ़ से पौने दो साल इस संसद में हो रहे हैं। जिस तरह मीडिया के थ्रू कुछ सांसदों को भ्रष्टाचार में लिप्त दिखाया गया, उस बारे में मेरे मन में जो सवाल उठ रहे हैं, उन्हें मैं व्यक्त करना चाहती हूं। जिन्होंने यह स्टिंग आपरेशन दिखाया, क्या उनका मकसद मात्र भ्रष्टाचार का पर्दाफाश करना था या टीआरपी और अपने पैसे बढ़ाना था? यदि मेरी आत्मा की बात और संसद की गरिमा की बात पूछी जाए, तो मैं यही निर्णय लूंगी कि जितने भी संसद सदस्य इसमें लिप्त पाए गए, उन्हें सजा होनी चाहिए। लेकिन मेरा मन और मेरी आत्मा इस बात को जरूर कचोटती है कि क्या वह मैम्बर या पूरी सभा के मैम्बर्स इस बात का हक रखते हैं, हम इतने ईमानदार हैं कि उन सदस्यों को सजा दे सकें? मेरे मन में यह बात बार-बार उठती है, मैंने पौने दो साल में यहां जो महसूस किया, उससे पहले भी राजनीतिक पार्टियों के क्रियाकलाप देखे, मुझे 1984 का दंगा भी याद है। मुझे गोधरा का कांड भी याद है। मैं यह नहीं कह रही कि मैं सत्तापक्ष के साथ हूं या विपक्ष के साथ हूं। आज मैं सिर्फ इसलिए बोलना चाहती हूं क्योंकि मेरे मन में यह बात कचोटती है कि लोगों ने हमें संसद में अपनी पार्टी का पक्ष रखने के लिए नहीं बल्कि सच्चाई को उजागर करने के लिए भेजा है। मैं आपको बताना चाहती हूं कि जब हम नये लोग संसद में आये तो मीडिया वालों ने हमसे सवाल किया कि आपको संसद की गरिमा में जाकर कैसा महसूस हुआ। मैं अपने अनुभव को यहां बताना चाहती हूं कि यहां आकर संसद तो हमें बड़ी गरिमामय लगी लेकिन शायद आपको मेरी बात सुनकर कड़वी लगे। वैसे

भी सच्चाई हमेशा कड़वी होती है। यह मेरा अपना अनुभव भी हो सकता है। अगर मेरी बात से किसी को दर्द महसूस हो, किसी को कष्ट हो तो मैं उसके लिए माफी चाहूंगी। सच्चाई यह है कि संसद भवन में आकर मुझे सीनियर राजनीतिज्ञ उस तरह के आइडियल नहीं लगे जिनको हम आगे चलकर प्रेरणास्रोत बना सकें। हमने खासकर यंगस्टर्स और नये आने वाले सदस्यों ने यही महसूस किया कि यदि हम सत्ता पक्ष में रहेंगे तो हम अपनी गलतियां छिपायेंगे और यदि हम विपक्ष में रहेंगे तो हम उन पर कीचड़ उछालने का काम करेंगे। हमारा मकसद भ्रष्टाचार को खत्म करना नहीं होगा बल्कि हमारा मकसद एक दूसरे पर कीचड़ उछालना होगा। इऩ पौने दो साल में मैंने यही महसूस किया है।

सभापति महोदय, मैं आपको छोटी सी बात बताना चाहूंगी कि जिस पिता का चरित्र सही नहीं है, वह शराब पीता है या दूसरे गलत काम करता है, तो उसका बेटा भी बड़ा होने पर वही काम करता है। अगर वह पिता अपने बेटे से यह एक्सपैक्ट करे कि वह ईमानदार हो, तो वह बेटा कभी भी ईमानदार नहीं होगा। मैं पूछना चाहती हूं कि जो नये सांसद हैं या जो सांसद स्टिंग आपरेशन में फंसे हैं, क्या उनको संसद भवन ने यह प्रेरणा दी ? ऐसा मुझे महसूस नहीं होता। मेरी अंतरात्मा कहती है कि हमें इतने आइडियल पालटिशियन नहीं मिले जिनसे वह सबक ले सकते कि हमें यहां आकर ईमानदार रहना है।

सभापति महोदय, मैं बताना चाहती हूं कि मैक्सिमम सांसद चुनाव में एक-दो करोड़ रुपये खर्च करके संसद में आते हैं। वे उन व्यक्तियों से संसद भवन में मिलते हैं जिनकी तन्ख्वाह 12 हजार रुपये होती है। क्या हम उनसे एक्सपैक्ट कर

सकते है कि वे ईमानदारी से अपना काम करेंगे ? यह सोचने वाली बात है। अब वे व्यक्ति करोड़ों रुपये कहां से लाते हैं, उनकी पार्टी कहां से लाती है ? एक तरफ हम नहीं चाहते लेकिन यहां आकर हम एक्सपैक्ट करते हैं कि वे ईमानदारी से काम करें। जब तक हम अपने सिस्टम को सही नहीं करेंगे तब तक कुछ नहीं होगा। अब इस देश को चलाने के लिए चार स्तंभ हैं जिसमें हम भी हैं, मीडिया के लोग भी है और ज्यूडीशियरी भी है। आज वक्त इस बात का है कि हर व्यक्ति दूसरे व्यक्ति को सजा देने से पहले अपनी आत्मा से पूछे, अपने आप से पूछे कि क्या वह ईमानदार है ? क्या वह दूसरों को सजा देने का हक रखता है ? मेरी आत्मा कहती है कि यदि हम ईमानदार नहीं हैं तो हम दूसरों को सजा देने का हक नहीं रखते। आज मैं मीडिया वालों के खिलाफ इसलिए नहीं कह रही कि मेरे पति श्री पप्पू यादव जी को फंसाया गया। मैं मीडिया वालों के खिलाफ इसलिए बोल रही हूं तो यह सच्चाई नहीं है। मैंने महसूस किया कि हर मीडिया वाले खासकर इलैक्ट्रानिक मीडिया के लोग, पालटिशियन्स, ज्यूडीशियरी आदि सबको अपने मन में जरूर सोचना चाहिए कि क्या हम अपना काम  ईमानदारी से कर रहे हैं ? आज सच्चाई यह है कि पूरे हिन्दुस्तान में  82 परसेंट से 90 परसेंट तक लोग भ्रष्ट हो चुके हैं। यही सच है, इसे हमें मानना चाहिए। आज संसद में 545 एमपीज हैं। जिस तरह से हमारा देश चल रहा है, उसे देखकर हम यही कहते हैं कि इस देश में इतने भगवान हुए इसलिए यह देश चल रहा है। यह भी सच्चाई है। यदि एक मुखिया, एमएलए, एमपी, मिनिस्टर या पीएम ईमानदार होगा, तो पूरा हिन्दुस्तान ईमानदारी से चलेगा। लेकिन आप सरकारी आफिसेज में देखिये,

सैक्रेटेरियेट में देखिये कि एक फाइल को पुटअप करने के लिए 10 रुपये से लेकर हजारों-लाखों रुपये लगते हैं। हम किस तरह से एक व्यक्ति से एक्सपैक्ट करेंगे कि वह भ्रष्टाचार नहीं करेगा ?

सभापति महोदय, सबसे पहले हमें अपने सिस्टम को चेंज करना है। सबसे पहले हमें ऐसा माहौल बनाना है जिसमें हम जी सकें ताकि हमें यह प्रेरणा मिल सके कि हां, हमें ईमानदार बनना है। मैं आपके माध्यम से आग्रह करना चाहूंगी कि हम लोग सत्र चलाते हैं, हर बार सत्र चलता है लेकिन सत्र के पहले दिन और अंतिम दिन हम लोगों को कुछ ऐसा करना चाहिए कि हम लोगों को हर बार अपनी उस शपथ को याद करना चाहिए। हमें हर बार भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद, डा. राजेन्द्र प्रसाद, लाल बहादुर शास्त्री जैसे शहीदों तथा राजनीतिज्ञों को याद करना चाहिए ताकि हमें यह महसूस हो कि हमें जो यह आजादी मिली है, उसे प्राप्त करना इतना आसान नहीं था। हम लोग आज इतने भ्रष्ट होते जा रहे हैं। इन लोगों ने जब राजनीति शुरू की थी, वे लोग बहुत महान थे और हम आज उन्हीं की गरिमा को संभालने के लिए आए हैं, यह एक सच्चाई है। लेकिन यह बड़े शर्म की बात है कि हम लोग जो आज उन्हीं के उत्तराधिकारी बने हैं, सही नहीं बने हैं। ...(व्यवधान)

मैं केवल इतनी ही बात कहूंगी और मैं आज यह कहने में असमर्थ हूं कि उन व्यक्तियों को सजा मिलनी चाहिए कि नहीं मिलनी चाहिए लेकिन मैं एक बात जरूर कहूंगी कि हम मीडिया वालों को, हर सांसद को उन व्यक्तियों को सजा देने के पहले अपने दिल में जरूर सोचना चाहिए कि क्या हम इस काबिल हैं कि हम

उन व्यक्तियों को सजा दे पाएं ? इतना ही कहकर मैं अपनी बात समाप्त करती हूं।

**श्री सुखदेव सिंह ढींडसा (संगरूर) :** सभापति महोदय, आज संसदीय प्रणाली में हम एक ऐसा इतिहास बनाने जा रहे हैं क्योंकि यह किसी पार्टी का सवाल नहीं है। यह इस हाउस की गरिमा का सवाल है। जब टी.वी. पर स्टिंग ऑपरेशन हम देख रहे थे, सभी एमपीज का सिर शर्म से झुक रहा था। इसमें कोई दो राय नहीं है। हमें बहुत दुख भी हो रहा था और इसमें स्पीकर साहब ने बहुत अर्जेंटली उस पर एक्शन लिया, सभी दलों की एक मीटिंग बुलाई और एक कमेटी का गठन किया, उस कमेटी को थोड़ा समय दिया गया लेकिन उस थोड़े समय में उन्होंने अपनी रिपोर्ट भी दे दी। इसमें मैं कहना चाहता हूं कि मेरी पार्टी इसके खिलाफ है। जो चुने हुए नुमाइंदे हैं और जो टी.वी. पर पैसा लेते हुए दिखाये जा रहे हैं और वह भी प्रश्न पूछन के लिए पैसा ले रहे हैं, यह बड़े ही दुख की बात है। हमारी पार्टी इसके खिलाफ है लेकिन जो हमने इस पर बहस शुरू की है, स्पीकर साहब ने एक बहुत अच्छा काम किया है। यह नहीं है कि वैसे ही पास करा दिया और हो गया। मैम्बर्स की जो राय है औऱ मोहन सिंह जी कह रहे थे कि जो आज हम इसे पास करने जा रहे हैं, हमें यह भी सोचना चाहिए कि इसके रिपर्कशंस क्या होंगे ? मै कहता हूं कि उन्हें निकालना चाहिए। आज दस की बात है, कल एमपीलैड के सात आ गये और बहुत आएंगे। यही नहीं है। यहां पर मोहन सिंह जी कह रहे थे, बिल्कुल ठीक है। कल को असेम्बली में जाएगा, कोई भी रूलिंग पार्टी आएगी,

किसी पेपर में फिर आएगा और इसके पीछे क्या-क्या होगा, यह किसी को मालूम नहीं है कि आगे क्या होगा। यह ऐतिहासिक फैसला है। इतनी जल्दी से अगर हम लेंगे तो इसके जो रिपर्कशंस होंगे, उसका अन्दाजा आप नहीं लगा सकते हैं। मैं समझता हूं कि कोई ऐसी बात नहीं है। मैं उनको बेगुनाह नहीं मानता हूं कि वे बेगुनाह हैं। कोई कहता है तो कहे लेकिन इसे पास करने के बाद जो कुछ होगा, इसके लिए मेरी चिंता है कि इसके बाद क्या होगा और एक बात मैं और कहना चाहता हूं कि अगर आप आज उनको निकाल देते हैं, कल को वे फिर चुनकर आ गये तो उसकी क्या पोजीशन होगी ? लोग उनको फिर दुबारा चुनकर भेज देते हैं, फिर क्या होगा ? क्या वे फिर यहीं पर बैठेंगे ? इसके अलावा बसुदेव आचार्ज जी के जो सुझाव हैं, मैं उसके हक में हूं कि संविधान में अमेंडमेंट होना चाहिए कि लोगों को अधिकार मिलना चाहिए कि अगर उनका कोई नुमाइंदा चाहे वह एमएलए हो या एमपी हो, जब कोई गलत काम करेगा तो वापस बुला सकें।

सबसे अच्छा यही होगा। इसके अतिरिक्त एक अन्य चीज जिस पर मुझे दुख हुआ वह यह है कि यह सदन की गरिमा का सवाल है, लेकिन इसमें जिस तरह से पॉलिटिक्स लाई गयी, वह गलत है। हमारे लिए सोचने की बात यह है कि हमारा जो पूरा सिस्टम खराब हो गया है, उसे कैसे सुधारा जाए? माननीय सदस्य श्री मोहन सिंह जी ने ठीक कहा है कि कितने ऐसे एमपी हैं जो अपना सही एकाउण्ट देते हैं कि चुनाव में कितना खर्च किया और अपनी सम्पत्ति का पूरा ब्यौरा देते हैं? कल को मीडिया हो या कोई अन्य आर्गनाईजेशन हो, वह कोई बात सामने लाए तो क्या आप सभी को निकाल सकेंगे? इसलिए इस पर विचार करना

बहुत जरूरी है। न तो मल्होत्रा जी ने और न ही इस सदन के अन्य किसी सदस्य ने यह कहा है कि उन दोषी सदस्यों को सजा नहीं मिलनी चाहिए, लेकिन यह कहा है कि अगर इसके लिए कुछ और समय दिया जाए, जब तक बजट सत्र आता है, बंसल कमेटी को ही इसे दे दीजिए कि वह अन्य सदस्यों को भी सुने जो अपने सुझाव देना चाहते हैं और इस पर विचार करे कि इस कदम के क्या-क्या रिपर्करशन्स भविष्य में हो सकते हैं। अगर इस पर एक-दो महीने का और समय डिस्कस करने के लिए दिया जाए और इस प्रस्ताव को अगले सत्र में लाया जाए तो मैं और मेरी पार्टी इस हक में हैं कि ऐसा करने वाले मेम्बर्स के खिलाफ कार्यवाही होनी चाहिए। इसके लिए इतनी भी क्या जल्दी है? इस घटना की तह तक पहुंचने के लिए यह जरूरी है कि कुछ और समय दिया जाए और यह देखा जाए कि इसके क्या रिपर्कशन्स हो सकते हैं। इसलिए हम मोशन का सपोर्ट करते हैं लेकिन माननीय सदस्यों ने अपने जो सुझाव रखें हैं, उन पर भी विचार करना चाहिए क्योंकि आज इस सत्र का अन्तिम दिन है, हमे इतनी जल्दी फैसला नहीं लेना चाहिए। ठीक है कि लोग भी देख रहे हैं, पूरी दुनिया देख रही है कि आज पार्लियामेंट क्या फैसला करती है, साथ ही मैं यह भी नहीं कह रहा हूँ कि उनको माफ कर दिया जाए, छोड़ दिया जाए। उनके खिलाफ एक्शन जरूर होना चाहिए, उनको हाउस से निकाल देना चाहिए, लेकिन उसके लिए भी पूरी बहस होनी चाहिए। यही बंसल कमेटी इस पर विचार करे, माननीय सदस्यों ने जो सुझाव दिए हैं, उन पर विचार करे, चर्चा करे। इसलिए मैं कहना चाहता हूँ कि अगर मान लीजिए मल्होत्रा जी ने यह बात कही तो इसमें कोई बुरी बात नहीं है। उनका

यह कहना तो नहीं है कि हम उनको माफ करने जा रहे हैं, हम सभी उसके खिलाफ हैं। यह किसी पार्टी का सवाल नहीं है, यह तो पूरे सदन की बात है और इससे पूरे सदन की बदनामी हुई है। आज बीजेपी के ज्यादा सदस्य इसमें हैं, कांग्रेस के कम हैं, कल को किसी अन्य दल के ज्यादा होंगे तो यह पार्टी का सवाल नहीं है, यह सवाल है सदन की गरिमा का। उस गरिमा को कैसे बचाना है, उस पर आपको डिटेल में डिस्कस करने की जरूरत है। इसलिए मैं कहना चाहूंगा कि आप अगर बैठकर, जो लीडर ऑफ दि हाउस हैं वे अगर इस पर दुबारा विचार कर सकें तो इसमें कोई बुरी बात नहीं होगी। हम इस मोशन के साथ हैं। इसमें कोई दो राय नहीं है कि उनको सजा मिलनी चाहिए, लेकिन माननीय सदस्यों ने जो सुझाव दिए हैं उन पर विचार करने के लिए कुछ समय दे दिया जाए तो उसमें कोई बुराई नहीं होगा। यही मेरा सुझाव है। आपको बहुत-बहुत धन्यवाद देते हुए मैं अपनी बात समाप्त करता हूँ।

**MATTERS UNDER RULE 377***

MR. CHAIRMAN : Hon. Members, Item No.30, Matters under Rule 377, listed for the day may be treated as laid. These shall form part of the proceedings.

**(i) Need for construction of a foot over-bridge at Vapi railway station, Gujarat**

**श्री किसनभाई वी.पटेल (बलसाड़) :** अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र बलसाड में वापी शहर में अहमदाबाद-मुम्बई रेलवे लाईन की तरफ आकर्षित करना चाहता हूं।

मेरे संसदीय क्षेत्र में वापी के पास रेलवे लाइन की एक तरफ जी0आइ0डी0सी0 का इंडस्ट्रियल एरिया है। ये जी0आइ0डी0सी0 की बहुत बड़ी टाउनशिप है इसके दूसरी तरफ पूरा वापी शहर है। इस शहर के लाखों नागरिकों को अपने काम धंधे के लिए रोज रेलवे लाइन पार करके जी0आइ0डी0सी0 के इंडस्ट्रियल एरिया में आना जाना पड़ता है। इसी प्रकार वापी शहर के हजारों छात्रों को भी अपने स्कूल कॉलेज आने जाने के लिए इस रेलवे लाइन को पार करना पड़ता है, किंतु इस रेलवे लाइन पर यातायात इतना अधिक हे कि वापी के नागरिकों को अपना बहुत समय व्यर्थ बरबाद करना पड़ता है। यहां के लोग लंबे समय से वापी में इस रेलवे लाइन पर एक पुल के निर्माण की मांग कर रहे हैं।

अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से रेल मंत्री से निवेदन करता हूं कि इस रेलवे लाइन पर वापी में एक पैदल पुल का निर्माण शीघ्र करवाने की कृपा करें।

*Treated as laid on the Table

**(ii) Need to include Rajasthani language in the Eighth Schedule to the Constitution**

**डॉ. करण सिंह यादव (अलवर) :** अध्यक्ष महोदय, राजस्थानी विश्व की समृद्धतम भाषाओं में से एक है। इसका 2500 वर्ष पुराना इतिहास है। इसमें लिखित लाखों

हस्तलिखित ग्रंथ संग्रहालयों में पड़े हैं। राजस्थानी की स्वतंत्र व्याकरण है। पाकिस्तान में जो राजस्थानी व्याकरण चलती है, उसका नाम राजस्थानी कायदो है। शिकांगो विश्वविद्यालय, अमेरिका के दक्षिण एशियाई भाषा विभाग में राजस्थानी व्याकरण। इसके कई तरह के शब्दकोष हैं। पदमश्री सीताराम लालस का सबसे बड़ा राजस्थानी शब्दकोष है, जिसमें 2 लाख 50 हजार शब्द हैं। राजस्थानी की मेवाड़ी, बागड़ी, मालवी, मारवाडी, ढूंढाडी, हाडौती, मेवाती, भीली, ब्रज, खानाबदोषी बोलियां इसके अंग हैं एवं डिंगल व पिंगल इसकी प्राचीन शास्त्रीय कविता की शैलियां हैं। इस तरह राजस्थानी भाषा रेडियो, दूरदर्शन के समाचारों व अन्य कार्यक्रमों में दशकों में मान्य भाषा है। केन्द्र सरकार की साहित्य अकादमी ने भारतीय भाषाओं के समकक्ष राजस्थानी को मान्यता दे रखी है, राजस्थान में राजस्थानी भाषा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी भी काम कर रही है। इसलिए हम यह मांग करते हैं कि राजस्थानी भाषा को आठवीं अनुसूची में जोड़ा जाये। इस संबंध में 25 अगस्त, 2003 को राजस्थान की विधान सभा में सर्वसम्मत प्रस्ताव पास करके केन्द्र सरकार को भेज दिया।

अतः केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि राजस्थानी भाषा का संविधान की आठवीं अनुसूची में जोड़ा जाये।

**(iii) Need to advise Government of Rajasthan to amend "Allotment Rules" ('Colonization of Rules 1975') with a view to settle remaining oustees of Pong Dam**

PROF. CHANDER KUMAR (KANGRA): I would like to raise the issue of settlement of Pong Dam oustees in Rajasthan. Nearly 35 years back approximately 75,000 acres of land was acquired which later submerged. About 20,000 families and 339 villages were affected, out of which 223 villages were completely submerged and remaining were submerged partially. Under the allotment rules of Government of Rajasthan, 16, 352 oustees were declared eligible for the allotment of land. In the first phase in 1980, 9196 and in Phase II after year 2000 the remaining 1384 oustees were allotted land. The remaining oustees are yet to be settled. The number of applicants who failed to apply in time their eligible certificates were sent to Government of Rajasthan. But these were not accepted by the State Government on the ground that they have been issued in violation of rules. About 3000 eligible certificates were not accepted. In 1996, the Supreme Court quashed the amendments made in 1992 by the Government of Rajsthan in the allotment rules specially Rule 6(A). On the basis of the judgment more than the 2,000 cancelled allotment were reviewed by the different District Judges on the order of the Hon. Supreme Court. The "Allotment Rule" (Colonization of Rules 1975) of the Government of Rajasthan are the main hurdle for allotment of Government land to Pong Dam oustees. The State Government of Rajasthan should amend the rules to expedite the way of resettlement of remaining oustees. Therefore, I would urge upon the Central Government to take up the matter with the Rajasthan Government and resettle the remaining oustees.

### (iv) Need to set up a Central University in Darjeeling

SHRI D. NARBULA (DARJEELING): Very recently an agreement among the Central Government, State Government and the DGHC for considering the Sixth Schedule Status to the Gorkha Hill Council, Darjeeling has been signed. So, Gorkha Hill Council, Darjeeling can be considered to be a State. I therefore, feel that the demand of a Central University of the people of Gorkha Hill Council,

Darjeeling is fully justified for North Bengal University hardly caters to the interest of the hill people of Darjeeling Hills. This University overshadowed the academic development of the hills for last 43 years. The existing affiliated colleges in the Darjeeling hills follow the courses and syllabi designed by the North Bengal University, which are not mountain specific or relevant to the needs of the hills. Due to lack of teaching and research-intensive University of its own, the Darjeeling hills face problems to get the skilled qualified and trained manpower in the specific fields relevant to the Hills. Moreover the academic session of NBU does not suit the colleges of Darjeeling Hill Areas as the Darjeeling Hill have a long winter vacation of three months from December to February end.

Students and the people of the Darjeeling hills never demanded the introduction of few hill oriented courses in the colleges of Darjeeling Hills affiliated to NBU; this may confuse the whole matter. There is a strong and consensus demand of the hill people to have a separate Central University to be set up by the present Government. The formation Gorkha Hill Council under Sixth Schedule will be incomplete without a suitable university attached to it.

The Darjeeling hills are one of the hot spots of biodiversity and are very, rich in bio-resources. Studies on bio-resources, biodiversity, biotechnology for the developmental activities, even the study on cultural heritage languages in the Darjeeling Hills are lagging behind due to lack of University.

I therefore, urge upon the Central Government to fulfill the dream of the hill people of Darjeeling by setting up a full-fledged Central University under an Act of the Parliament.

**(v) Need to amend article 371 to accord special status to North Karnataka region**

SHRI IQBAL AHMED SARADGI (GULBARGA): I would like to bring to the notice of Hon'ble Minister through you Sir, that the Government of Karnataka has

